रोहतक
गुरुवार, 27 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 298
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 27.1
न्यून. 5.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




7 भारतीय खिलाड़ियों का दमदार पदार्पण, जीता रजत और कांस्य

## खबर संक्षेप

### शिक्षा बोर्ड ने जारी किया डीएलएड का परिणाम



**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड परीक्षा के नतीजे जारी कर दिए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार और उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह जानकारी दी। यह परीक्षा सितंबर-अक्टूबर 2025 में हुई थी, जिसमें अलग-अलग बैच के छात्र शामिल हुए थे। नतीजे बोर्ड की वेबसाइट www.bseh.org.in पर उपलब्ध हैं। डीएलएड परीक्षा में प्रदेशभर में कुल 23 हजार 628 छात्र-अध्यापक शामिल हुए। *हरिभूमि न्यूज*

### भारत में गूगल मीट अचानक बंद हुआ

**नई दिल्ली।** 2025 को इंटरनेट आउटेज का साल कहा जा रहा है और इसी कड़ी में अब गूगल मीट का नाम भी इसमें जुड़ गया है। गूगल मीट वीडियो कॉल और ऑनलाइन मीटिंग के लिए इस्तेमाल होने वाला लोकप्रिय प्लेटफॉर्म है। प्लेटफार्म ने भारत में बुधवार को अचानक काम करना बंद कर दिया। कई लोगों ने बताया कि वो मीटिंग जॉइन नहीं कर पा रहे थे, जिसकी वजह से कामकाज प्रभावित हुआ। *एजेंसी*

### 2 करोड़ से ज्यादा आधार नंबर किए गए डीएक्टिवेट

**नई दिल्ली।** देश के आधार डेटाबेस को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने के मिशन के तहत भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने 2 करोड़ से अधिक मृत व्यक्तियों के आधार नंबर निष्क्रिय कर दिए हैं। सरकार ने बताया कि यह राष्ट्रव्यापी डेटा-क्लीनिंग अभियान पहचान धोखाधड़ी रोकने और मृत लोगों के दस्तावेजों के दुरुपयोग को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। यूआईडीएआई ने यह कार्रवाई मौत के बाद भी सक्रिय रह गए आधार नंबरों की पहचान करने के लिए की है। *एजेंसी*

### हम किसी भी तरह डेरा खाली नहीं करेंगे: राबड़ी



**पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी के सरकारी आवास बदले जाने पर सियासत गर्माई है। अब आरजेडी ने नीतीश सरकार को अल्टीमेटम दे दिया है कि जो करना है करेंगे, लेकिन डेरा (10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास) खाली नहीं किया जाएगा। *एजेंसी*

## डेढ़ घंटा टहलने से तबीयत बिगड़ी तो एक्शन में आए सीजेआई

# दिल्ली में प्रदूषण चिंताजनक हल निकालना होगा : सूर्यकांत

**नई दिल्ली (हरिभूमि न्यूज)।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों की तबीयत बिगड़ रही है और सांस लेने में दिक्कत हो रही है। सीजेआई सूर्यकांत भी इससे प्रभावित दिखे। उन्होंने बुधवार को एसआईआर पर चल रही सुनवाई के दौरान इसका जिक्र किया। बोले-मैं मंगलवार शाम को एक घंटा टहला। प्रदूषण की वजह से मेरी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने कहा, हमें जल्द इसका हल निकालना होगा। दरअसल हुआ यह कि चुनाव आयोग के एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने सीजेआई से खराब सेहत की वजह से सुनवाई से छूट मांगी। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि यह दिल्ली के मौसम की वजह से हो रहा है। सीजेआई ने कहा कि मैं सिर्फ टहलता हूं। अब यह भी मुश्किल हो रहा है। इसके बाद सीजेआई सूर्यकांत ने उम्रदराज वकीलों के भी सुनवाई के लिए कोर्ट में आने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 60 साल और उससे ज्यादा उम्र के वकीलों को इन-पर्सन (आमने-सामने) हियरिंग से बाहर रखने की बात पर विचार किया गया है। फैसला जल्द होगा। हालांकि अभी कार्यवाही फिजिकल और वर्चुअल दोनों तरीकों से होती है।

**सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीजेआई ने जताई चिंता**

**बोले, प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से खराब कर रहा**

**शीर्ष कोर्ट में वर्चुअल सुनवाई पर चल रहा विचार**

**दिल्ली-एनसीआर में औसत एक्यूआई 360 के आसपास चल रहा**

### प्रदूषण स्तर गंभीर क्षेणी में बना हुआ



दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रैप यानी ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान को और सख्त कर दिया है। अब कई बड़े कदम शुरुआत में ही लागू होंगे, ताकि हवा बिगड़ने से पहले हालात संभल सकें। दिल्ली-एनसीआर का औसत एक्यूआई 360 के आसपास चल रहा है। जो बहुत खराब श्रेणी है। सीएक्यूएम ने बताया कि नए कदम वैज्ञानिक डेटा, विशेषज्ञों की राय और पिछले अनुभवों के आधार पर लिए गए हैं।

### प्रदूषण पर ग्रैप नियम और सख्त

अब जो नियम पहले ग्रैप -2 पर लगते थे, वे अब ग्रैप -1 में ही लागू होंगे। ग्रैप -3 के कई नियम ग्रैप -2 में और ग्रैप -4 के नियम अब ग्रैप -3 में लगेंगे। ग्रैप -4 में 50% कर्मचारियों को वर्क-फ्रॉम-होम देने का प्रावधान भी शामिल है। पहले जो कदम एक्यूआई 301—400 के बीच में होने पर लागू होते थे, अब एक्यूआई 201—300 में ही लागू होंगे। इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और नोएडा में सरकारी ऑफिसों के समय में बदलाव किया जाता है। इसके अलावा केंद्र सरकार भी अपने ऑफिसों के टाइम बदलने पर विचार कर सकती है।

**मौसम अलर्ट : न्यूनतम पारा 4.2 डिग्री गिरा**

## उत्तर-पश्चिमी हवाओं से बढ़ाई ठिठुरन नारनौल 5.5 डिग्री के साथ सबसे ठंडा

**हिसार।** हरियाणा में उत्तर-पश्चिमी हवाओं ने एक बार ठिठुरन बढ़ा दी है। इससे न्यूनतम तापमान में 4.2 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली है। नारनौल में न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सीजन में अब तक सबसे कम तापमान रहा। इसके अलावा सिरसा और महेंद्रगढ़ में भी 6 डिग्री से कम तापमान दर्ज किया गया है। हिसार में मंगलवार को तापमान 6.3 डिग्री दर्ज किया गया था, जो बुधवार को बढ़कर 6.6 डिग्री हो गया है। करनाल, कैथल, जींद, सोनीपत, भिवानी, पंचकूला और पानीपत में 8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। वहीं अंबाला में पहली बार तापमान 10 डिग्री से नीचे आया है। यहां पारा 9.7 डिग्री दर्ज किया गया है।



### नमी बढ़ने से घनी होगी धुंध

विशेषज्ञों का कहना है कि नमी बढ़ने से धुंध की परत और घनी हो सकती है। फिलहाल सुबह के समय हल्की धुंध देखी जा रही है, जबकि दिन में धूप का असर धीरे-धीरे कम हो रहा है। इस समय हरियाणा में अधिकतम तापमान 24 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, लेकिन आने वाले दिनों में ठंड का असर और गहराने की संभावना है।

### आगे और बढ़ेगी ठंड

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलते आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट संभव है। राज्य के कई हिस्सों में सुबह के समय कोहरा और हल्की धुंध देखी गई है। मौसम विभाग ने किसानों और आमजन को सलाह दी है कि सुबह के समय खेतों में काम करते समय ठंड से बचाव के उपाय करें और बच्चों व बुजुर्गों को ठंडी हवाओं से बचाकर रखें।

## स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी पंचतत्व में विलीन, बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने दी मुखाग्नि



■ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भावभीनी विदाई देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ग्वालियर

आईएनएच एवं हरिभूमि समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पूज्य पिताश्री स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी का अंतिम संस्कार बुधवार को ग्वालियर के लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम में पारंपरिक व रीति रिवाजों के साथ ससम्मान संपन्न हुआ। इस मौके पर उनके बड़े पुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने नम आंखों से मुखाग्नि दी। उन्होंने परंपरानुसार पितृ कर्तव्य का निर्वहन किया।

स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का एक दिन पहले मंगलवार को 84 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया था। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को ग्वालियर स्थित उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी से शुरू हुई। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के साथ ही अन्यत्र स्थानों ▶▶| शेष पेज 4 पर

### *अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में शहरवासी हुए शामिल*

*अंतिम यात्रा में शहर व आसपास से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसमें राजनेता, जनप्रतिनिधि, सांसद, शहर के गणमान्य लोग, मीडिया से जुड़े लोग शामिल थे। पार्थिव शरीर लेकर वाहन जैसे ही मुक्तिधाम पहुंचा, पूरा वातावरण भावुक हो उठा। मुक्तिधाम में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौड़, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, डॉ. एएस भल्ला, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, एडवोकेट पवन पाठक, डॉ. अशोक मिश्रा सहित शहर के अनेक वरिष्ठ जन मौजूद रहे।*
▶▶| शेष पेज 4 पर

### त्रयोदशी कार्यक्रम 6 दिसंबर को

स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी का त्रयोदशी कार्यक्रम 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में रखा गया है। त्रयोदशी आयोजन में शांति पाठ व प्रार्थना होगी।

**दिल्ली के घर में मिला शव**

## कमला पसंद कंपनी के मालिक की बहू ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (38) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार दीप्ति का शव ड्रेसिंग रूम के पंखे से लटका हुआ मिला। दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें लेकर अस्पताल गए, जहां दीप्ति को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को एक डायरी मिली है, जिसमें दीप्ति ने अपने पति के साथ विवाद का जिक्र किया है। दीप्ति ने डायरी में लिखा, 'अगर किसी रिश्ते में प्यार और भरोसा नहीं तो फिर उस रिश्ते में रहने की और जीने की वजह क्या है।



भाई का आरोप- पति और सास करते थे मारपीट

### दीप्ति की 2010 में हरप्रीत चौरसिया से शादी हुई

दीप्ति की 2010 में हरप्रीत चौरसिया से शादी हुई थी। दोनों का 14 साल का एक बेटा है। बताया जा रहा है कि हरप्रीत ने दो शादियां की हैं। दूसरी पत्नी दक्षिण भारतीय फिल्मों की एक्ट्रेस हैं। उसके साथ भी हरप्रीत की एक बेटी है।

### भाई ऋषभ ने जीजा पर लगाए गंभीर आरोप

दीप्ति चौरसिया के भाई ऋषभ ने बताया कि मेरे जीजा (हरप्रीत) के कई अवैध संबंध थे। शादी के बाद से ही दोनों के अच्छे संबंध नहीं थे। 2011 में भांजे की डिलीवरी के बाद हमें पता चला कि जीजा और सास मेरी बहन के साथ मारपीट करते हैं। हम अपनी बहन को कोलकाता में अपने घर ले आए थे।

## आतंकी उमर का साथी शोएब गिरफ्तार फरीदाबाद के धौज गांव का रहने वाला

**दिल्ली धमाका**



आतंकी उमर को सामान लाने और ले जाने में मदद की
अब तक 7 आतंकी पकड़े गए

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** दिल्ली धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सुसाइड बॉम्बर आतंकी डॉ. उमर नबी के साथी शोएब को गिरफ्तार किया है। शोएब फरीदाबाद के धौज गांव का रहने वाला है। वह अल-फलाह यूनिवर्सिटी में वार्ड बॉय था। उस पर आरोप है कि उसने आतंकी उमर को सामान लाने और ले जाने में मदद की थी। शोएब ने ही नूंह में उमर को अपनी साली अफसाना के घर में कमरा किराए पर दिलाया था। 10 नवंबर को दिल्ली ब्लास्ट से पहले 10 दिन उमर इसी घर में रहा था। विस्फोट वाले दिन, वह नूंह से ही दिल्ली के लिए रवाना हुआ था। दिल्ली ब्लास्ट केस में यह सातवीं गिरफ्तारी है। शोएब को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की एनआईए हिरासत में सौंप दिया गया।

## कैथल में ऑनर किलिंग के 3 दोषियों को उम्रकैद

मां और दो भाइयों ने मिलकर की थी लड़की की गला दबाकर हत्या

**कोर्ट ने 1.25 लाख रुपये जुर्माना भी ठोका**

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** ऑनर किलिंग के एक मामले में कोर्ट ने तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सेशन जज अनूपमिश मोदी की कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 1 लाख 25 हजार रुपये जुर्माने भी लगाया। जुर्माना न देने पर एक साल की साधारण कैद काटनी होगी। इस बारे में थाना कलायत में एसआई कुलबीर की सूचना पर 6 अगस्त 2020 को मुकदमा नंबर 224 अधीन धारा 302, 201 आईपीसी किया गया था। सजा हुए लोगों में लड़की की मां, भाई और चचेरा भाई शामिल हैं। कलायत पुलिस को कंट्रोल रुम कैथल से सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव बड़सीकरी में किसी लड़की को उसके परिवार वालों ने मार दिया है, उसे दाह संस्कार के लिए लेकर श्मशान घाट में जाने वाले हैं। पुलिस बड़सीकरी पहुंची और जलती चिता से अधजली लाश को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। मृतक लड़की के भाई प्रवेश, मां रानी और चचेरे भाई विकास को गिरफ्तार किया।

## केंद्रीय कैबिनेट ने 4 परियोजनाओं को दी मंजूरी, पुणे मेट्रो का होगा विस्तार

**परमानेंट मैग्नेट इंडस्ट्री के लिए 7280 करोड़ रुपये की योजना**



9858 करोड़ रुपए से पुणे मेट्रो का विस्तार होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 4 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 9858 करोड़ रुपए से पुणे मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। वहीं रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट बनाने वाली इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए 7280 करोड़ रुपये की योजना लाई गई है। ये मैग्नेट इलेक्ट्रिक व्हीकल, डिफेंस, एयरोस्पेस और इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने में जरूरी होते हैं। इसके अलावा, अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने गुजरात की द्वारका-कनालूस रेलवे लाइन और महाराष्ट्र की कर्जत-बदलापुर रेलवे लाइन को डबल करने की मंजूरी दी है। यानी रेल लाइनों पर और ट्रैक बनाए जाएंगे।

### दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी

सरकार ने गुजरात में द्वारका-कानालुस रेल लाइन के दोहरीकरण और मुंबई महानगर क्षेत्र में बदलापुर और कर्जत के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन के निर्माण को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाताओं को बताया कि बैठक में 2,781 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

## भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिली

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत बीस साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और बुधवार को ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेलों की आमसभा की बैठक में अहमदाबाद को मेजबान के तौर पर औपचारिक मंजूरी मिल गई। पिछले महीने 'कॉमनवेल्थ स्पोर्ट (राष्टमंडल खेल)' के कार्यकारी बोर्ड द्वारा शताब्दी चरण के प्रस्तावित मेजबान के रूप में अहमदाबाद की सिफारिश के बाद 74 सदस्यों की जनरल असेंबली के लिए भारत की बोली पर मुहर लगाना महज एक औपचारिकता थी। भारत ने पिछली बार 2010 में दिल्ली में इन खेलों की मेजबानी की थी। भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दौड़ में भी है।

**पिछली बार 2010 में दिल्ली में हुए थे राष्ट्रमंडल खेल**

## मानवाधिकार आयोग ने रेलवे को नोटिस देकर मांगा जवाब

**नॉनवेज मामला**




**नई दिल्ली (भाषा)।** ट्रेनों परोसे जाने वाले नॉनवेज में हलाल प्रमाणित मांस को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नाराजगी जताई है। आयोग ने रेलवे बोर्ड को नोटिस भी जारी किया है। आयोग ने कहा कि हलाल मांस की वजह से हिंदू समुदायों के अनुसूचित जाति और मांस व्यापार में लगे अन्य गैर-मुस्लिम समुदायों की आजीविका प्रभावित होती है। प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली कमेटी ने भारतीय रेलवे बोर्ड को नोटिस दिया है। पीठ ने कहा है कि केवल हलाल मांस का उपयोग करने की प्रथा प्रथम दृष्टया से ही मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

## संविधान 9 नई भाषाओं में जारी, राष्ट्रपति बोलीं तीन तलाक खत्म करना ऐतिहासिक कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद के सेंट्रल हॉल में बुधवार को 150 वां संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को 9 नई भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया में जारी किया। राष्ट्रपति ने कहा- संसद ने तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई को खत्म कर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। जीएसटी आजादी के बाद सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, जिसने देश की आर्थिक एकता को मजबूत किया है।



**संविधान दिवस पर राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं जीएसटी बड़ा टैक्स सुधार**

### 26 नवंबर 1949 को संविधान बनकर तैयार हुआ

दरअसल 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और दोनों सदनों के सांसद शामिल रहे।

### बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, "तीन तलाक से जुड़ी सामाजिक बुराई को खत्म करके संसद ने हमारी बहनों और बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। जीएसटी, जो आजादी के बाद सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, देश की आर्थिक एकता मजबूत करने के लिए लागू किया गया।

**दुबई में रहने वाले विजय मुरलीधर उधवानी की याचिका खारिज**

## विदेश भागे आरोपी को वापस लाना देश का अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

**उधवानी पर दर्ज हैं 153 केस, एफआईआर की जानकारी लेने दुबई से आना पड़ेगा**

*उधवानी पर गुजरात में 153 आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें शराब की तस्करी और गैंग की तरह गैर-कानूनी काम करने के आरोप भी शामिल हैं। वह जुलाई 2022 में दुबई जाने के बाद से भारत नहीं लौटा है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है।*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कानून से बचने के लिए विदेश भागे आरोपियों को वापस लाने का देश को पूरा अधिकार है। कोर्ट ने दुबई में रहने वाले विजय मुरलीधर उधवानी की याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया, इसमें उधवानी ने भारत से यूएई को भेजी गई उन्हें वापस लाने की रिक्वेस्ट (एक्सट्रडिशन रिक्वेस्ट) हटाने की मांग की थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई के दौरान पिटीशनर की दलीलें मानने से इनकार कर दिया और कहा कि अगर उसे एफआईआर की पूरी जानकारी चाहिए तो उसे भारत आकर लेनी होगी।

### वकील ने कहा- आरोपी के पास पासपोर्ट नहीं

आरोपी के वकील ने कहा कि उसके पास पासपोर्ट नहीं है और वह भारत वापस आना चाहता है। इस मामले में एक सह-आरोपी की पुलिस कस्टडी में मौत हो चुकी है, इसलिए उधवानी अपनी सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है। उसने यह भी मांग की थी कि भारत लौटने पर उसे सीसीटीवी निगरानी वाली कस्टडी में रखा जाए। बेंच ने इन दलीलों पर विचार करने से इनकार किया और कहा कि अधिकारी उसे भारत लाने में सक्षम हैं। इसके बाद वकील ने याचिका वापस ले ली।



### गुजरात हाईकोर्ट ने भी याचिका खारिज की

इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी उधवानी की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट का कहना था कि आरोपी को मौजूद रहने के लिए बुलाना और उसे वापस लाने की प्रक्रिया शुरू करना बिल्कुल सही है। राज्य सरकार ने कोर्ट में कहा था कि वह सिर्फ शराबबंदी से जुड़े मामलों में ही नहीं, बल्कि जालसाजी, तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों में भी शामिल है, जिनकी जांच ईडी कर रही है।

## खबर संक्षेप



### सीएम ने शीश मार्ग यात्रा का चंडीगढ़ में किया स्वागत

**चंडीगढ़।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान वर्ष को समर्पित शीश मार्ग यात्रा बुधवार को चंडीगढ़ स्थित सीआरपीएफ कैंपस पहुंची, जहां पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने पवित्र पालकी साहिब को नमन किया। कैंपस आगमन पर सीआरपीएफ यूनिट ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब पर पुष्प वर्षा की और गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का अद्वितीय बलिदान संपूर्ण मानवजाति के लिए मार्गदर्शक है। जिस साहस और तपस्या के साथ उन्होंने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अपना शीश समर्पित किया, वह पूरे विश्व के लिए मिसाल है।

### धान खरीद सुनियोजित घोटाला : गुरनाम चढ़ूनी

**चंडीगढ़।** भाकियू नेता सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने धान खरीद को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए मंत्री पर हमला बोला है। चढ़ूनी ने कई तरह के सवाल पंजीकरण से लेकर



वैरिफिकेशन पर किए हैं। उन्होंने भिवानी, गुरुग्राम, महेद्रगढ़, रेवाडी, मेवत, चरखी दादरी जिलो में 64726 एकड़ धान की पैदावार दर्शाई खरीदी एक दाना भी नही तब ये धान कहा गई, जब धान लगाई नहीं गई तब मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज कैसे हुआ ? यदि धान पैदा हुई तो इन जिलो में खरीद क्यो नही हुई ? खरीद की जिम्मेदारी कैसे दे दी गई।

### लेबर कोड्स के खिलाफ मजदूरों का प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और कर्मचारी संघों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार को मजदूरों एवं कर्मचारियों ने सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए। प्रधानमंत्री के नाम प्रेषित ज्ञापन उपायुक्तों को सौंपते हुए पूंजीपतियों के हकों में बनाए गए चारों मजदूर विरोधी लेबर कोड्स को वापस लेने की मांग की। श्रमिक संगठन सीटू, एटक, इंटक, एचएमएस, एआईयूटीयूसी और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा तथा बैंक व बीमा से जुड़े हजारों की संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया।

### खेतों में जलभराव से किसान परेशान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आज भी प्रदेश के खेतों में जलभराव का पानी खड़ा है और किसान परेशान है। बुरे वक्त में भी न तो भाजपा सरकार की तरफ से किसानों को मुआवजा मिला है और न ही अस बची है।

**कड़ी कार्रवाई : सभी जिलों में जर्जर खेल उपकरण बदलने के आदेश**

# खिलाड़ियों की मौत के बाद खेल मंत्री का एक्शन, दो अधिकारी सस्पेंड

**बहादुरगढ़ और रोहतक में हुई है बास्केट बॉल खिलाड़ियों की मौत**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

रोहतक के लाखनमाजरा और बहादुरगढ़ में बास्केटबॉल पोल गिरने से हृदय विदारक घटना व खिलाड़ियों की मौत का मामला तूल पकड़ रहा है। चंडीगढ़ में भी यह मामला चर्चा का विषय बना रहा। पूरे मामले में खेल मंत्री गौरव गौतम ने जिला खेल अधिकारी अनूप सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा लाखनमाजरा खेल नर्सरी को भी सस्पेंड करते हुए जांच और खेल उपकरणों में सुधार के लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। राजीव गांधी स्टेडियम के इंचार्ज को कमेटी में शामिल किया गया है। यह आदेश खेल मंत्री की तरफ से जारी किए गए हैं। इसके साथ ही खेल विभाग ने राज्यभर के सभी खेल परिसरों में लगे जर्जर स्पोर्ट्स इक्विपमेंट को तुरंत हटाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। लाखनमाजरा में बास्केटबॉल कोर्ट पर लंबे समय से एक खेल नर्सरी चल रही है। यह स्टेडियम ग्राम पंचायत के अधीन है। रखरखाव 4 साल से अटका हुआ था। जो पोल खिलाड़ी हार्दिक पर गिरा था, वह नीचे से तरह जंग खा चुका था।



मंत्री गौरव गौतम



बहादुरगढ़ के शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में मंगलवार को बास्केटबॉल का पोल गिरने से बास्केटबाल खिलाड़ी अमन की मौत हो गई थी।



रोहतक में ग्राउंड पर मंगलवार को प्रैक्टिस कर रहे 16 वर्षीय खिलाड़ी हार्दिक के ऊपर बास्केटबॉल पोल गिरने से मौत हो गई थी।

### स्टेडियम की मेंटेनेंस के लिए 19 लाख मिल चुके

4 साल पहले तत्कालीन राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने लाखनमाजरा पंचायत को करीब साढ़े 12 लाख रुपए दिए थे। इसके बावजूद पंचायती राज विभाग के अफसर स्टेडियम में मेंटेनेंस नहीं करवा पाए। इसके बाद भी छह लाख से ज्यादा रुपये जारी किए गए थे। लेकिन अधिकारियों ने जर्जर पोल को नहीं बदलवाया जिसकी वजह से बड़ा हादसा हो गया।

### पुराने उपकरण हटाए जाएं

खेल मंत्री की तरफ से बुधवार को प्रदेश के सभी खेल परिसरों में लगे पुराने इक्विपमेंट को तुरंत हटाने के निर्देश जारी किए हैं। स्पष्ट कहा गया है कि किसी भी परिसर में ऐसा इक्विपमेंट प्रयोग में नहीं आना चाहिए, जो खिलाड़ियों के लिए खतरा बने। विभाग ने चेतावनी दी है कि आदेशों की अवहेलना पर किसी भी घटना की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की ही होगी।

### युवा खिलाड़ी की मौत हादसा नहीं, हत्याः राव नरेंद्र सिंह

हरियाणा के लाखन माजरा खेल स्टेडियम में बास्केटबॉल का जर्जर पोल टूटने से एक युवा खिलाड़ी हार्दिक की आकस्मिक मौत हो गई। इस बात को लेकर विपक्षी दल कांग्रेस नेताओं ने दुख प्रकट किया और सरकार को जमकर कोसा। हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने इस दुखद दुर्घटना को सरासर, सरकार की लापरवाही बताया। उन्होंने कहा युवा खिलाड़ी की मौत केवल एक हादसा नहीं, इसे तो हत्या का नाम दिया।

### लापरवाही ने की हार्दिक और अमन की हत्याः हुड्डा

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है हरियाणा की बीजेपी सरकार खेल और खिलाड़ियों के साथ सही बर्ताव नहीं कर रही है। इसी वजह से बास्केटबॉल के जर्जर हो चुके पोल के गिरने से दो होनहार युवा खिलाड़ियों हार्दिक और अमन की दर्दनाक मौत हुई। यह कोई साधारण दुर्घटना या सामान्य मृत्यु नहीं है, बल्कि सरासर सरकारी लापरवाही से हुई हत्या है। दोनों युवा खिलाड़ियों की असमय मृत्यु ने पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया है।

### जान जोखिम में डालकर प्रैक्टिस कर रहे खिलाड़ीः सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद सैलजा ने कहा कि रोहतक के लालचौपड़ा स्थित खेल परिसर में अभ्यास के दौरान बास्केटबॉल का भारी पोल गिरने से 17 वर्षीय राष्ट्रीय स्तर के उभरते खिलाड़ी हार्दिक राठी की मौत अत्यंत हृदय विदारक घटना है। उन्होंने कहा कि हार्दिक जैसे प्रतिभाशाली युवा की असमय मृत्यु पूरे प्रदेश के लिए बड़ी क्षति है। परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह पीड़ा शब्दों में बयान नहीं की जा सकती।

## जरूरत के अनुसार अस्पतालों का किया जाएगा अपग्रेडेशन : स्वास्थ्य मंत्री

**अब तक करीब 40 करोड़ 40 लाख की दी गई मंजूरी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि पूरे प्रदेश में जरुरत के अनुसार अस्पतालों का अपग्रेडेशन किया जाएगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को उसके घर के नजदीक सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवा मिले। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ और बहादुरगढ़ में अस्पतालों के अपग्रेडेशन और निर्माण के लिए लगभग 40 करोड़ 40 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार बुनियादी ढांचा मजबूत कर रही है और अस्पतालों में आधुनिक मशीनों को स्थापित किया जा रहा है। महेंद्रगढ़ जिला में 50 बैड के अस्पताल को अपग्रेड करके 100 बैड के अस्पताल में परिवर्तित करके निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 2301.01 लाख रुपये की रिवाइज्ड-लागत को मंजूर किया गया है।

## एचसीएमएस चिकित्सक आज दो घंटे ओपीडी बंद कर करेंगे प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज़ एसोसिएशन (एचसीएमएस) की ओर से 27 नवंबर वीरवार को दो घंटे की पेनडाउन हड़ताल रहेगी। पूर्व में यह 25 को होनी थी लेकिन कार्यक्रम में बदलाव कर दिया गया क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी आ रहे थे। ओपीडी सेवाएं और सभी प्रकार के रिपोर्टिंग, प्रशासनिक और आधिकारिक कार्य पूरी तरह ठप रहेंगे। हड़ताल के दौरान कैजुअल्टी, लेबर रूम, इमरजेंसी ऑपरेशन, पोस्ट-मॉर्टम और अन्य सभी आपात सेवाएं पहले की तरह चलती रहेंगी। एसोसिएशन ने इस तारीख बदलकर 27नवंबर सुबह9 से 11बजे कर दिया था। एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष डा. राजेश ने बताया कि 27नवंबर को दो घंटे पेन छोड़ हड़ताल रहेगी। एसोसिएशन की मुख्य मांगें– सीधी एसएमओ भर्ती पर रोक हटाना और पिछले वर्ष मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदित संशोधित एससीपी को लेकर आधिकारिक अधिसूचना जल्द से जल्द जारी करना।

## राष्ट्र को मजबूत और सशक्त करना ही संविधान की मूल भावनाः मुख्यमंत्री

**हरियाणा विधानसभा में संविधान दिवस पर कार्यक्रम में स्पीकर कल्याण व कृष्ण लाल पंवार रहे मौजूद**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



संविधान दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को हरियाणा विधानसभा पहुंचे और वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि भारतीय संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अवसर, न्याय और गरिमा के साथ आगे बढ़ने का अधिकार प्रदान किया है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि राष्ट्र को मजबूत, सशक्त और एकजुट करना ही संविधान की मूल भावना है और इसी संकल्प के साथ हरियाणा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, सुशासन, सामाजिक न्याय और नागरिकों की भागीदारी लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की आत्मा हैं और सरकार की नीतियां इन्हीं सिद्धांतों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज संविधान पूरी तरह सुरक्षित है और 'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास' संविधान की भावना का सच्चा प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे ने संविधान की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

### पुलिस की मुहिम: इस वर्ष अब तक 63,073 ड्रंकन ड्राइविंग चालान

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की जीरो-टॉलरेंस नीति का असर साफ दिख रहा है। एक जनवरी 2025 से 24 नवंबर 2025 तक पूरे राज्य में 63,073 ड्रंकन ड्राइविंग चालान किए गए— जो यह दर्शाता है कि हरियाणा पुलिस नशे में वाहन चलाने जैसे खतरनाक व्यवहार पर किसी भी प्रकार की ढिलाई बरतने को तैयार नहीं है। इस पहल ने न केवल अनगिनत ज़िंदगियों को सड़क हादसों से बचाया है, बल्कि यातायात अनुशासन को मज़बूती दी है। गुरुग्राम में सबसे अधिक 24,972 और फरीदाबाद में 7,402, चालान किए गए।

**ऑपरेशन ट्रैकडाउन की बड़ी उपलब्धि**

## मंगलवार को 62 कुख्यात अपराधी काबू, आंकड़ा 1602 तक पहुंचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस के ऑपरेशन ट्रैकडाउन ने 24 नवंबर को एक और बड़ी सफलता अर्जित की। प्रदेशभर में की गई कार्रवाई के दौरान 62 कुख्यात अपराधी पकड़े गए, जबकि 197 अन्य आरोपी भी गिरफ्तार किए गए। अभियान की शुरुआत से अब तक पुलिस 1602 कुख्यात अपराधियों और 3746 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। ये आंकड़े साबित करते हैं कि हरियाणा पुलिस प्रदेश को सुरक्षित और अपराध-मुक्त बनाने के लिए लगातार और निर्णायक कार्रवाई कर रही है। हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स इकाई अंबाला ने कुख्यात गिरोह के मुख्य असला सप्लायर अजय को गिरफ्तार कर गिरोह की रीढ़ पर बड़ा प्रहार किया है। जांच में सामने आया कि सितंबर 2025 में कुरुक्षेत्र स्थित चैतन्य कंसलटेंट करियर सेंटर पर हुई फायरिंग में कुख्यात अपराधी और उसके साथी जो विदेश में बैठकर गिरोह चलाते हैं का सीधा हाथ था। अजय ने ही इस वारदात में शामिल शूटरों को हथियार उपलब्ध कराए थे। एसटीएफ ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर तीन दिन का रिमांड हासिल किया है।

**डीजीपी ओपी सिंह की दो टूक**

## थानेदारों को खास हिदायत, करना होगा काम, वर्ना दूसरों को मौका

**पीएम के सफलता पूर्वक कार्यक्रम के लिए सभी पुलिस कर्मियों को बधाई दी**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के पुलिस प्रमुख और वरिष्ठ आईपीएस ओपी सिंह इन दिनों अपने बयानों को लेकर मीडिया की सुर्खियों में हैं। डीजीपी बाडी बिल्डिंग और शरीर को ठीक रखने के लिए भी संदेश दे रहे हैं, वे वर्कआउट व योगासन करते हुए अपने फोटो भी लगातार सोशल मीडिया में डाल रहे हैं ताकि बाकी पुलिस कर्मियों को भी इसकी प्रेरणा मिली। पुलिस प्रमुख द्वारा बुलेट और थार गाड़ी को लेकर दिया गया बयान भी जमकर वायरल हो रहा है, गुरुग्राम के एक गाड़ी मालिक ने उन्हें नोटिस भी भेज दिया है। हर विषय पर खुलकर बात करने वाले डीजी का कहना है कि बुलेट से पटाखे छोड़ने, तेज आवाज करने के साथ ही थार गाड़ी लेकर लोगों में भय फैलाने वाले कुछ तत्वों की शिकायतें भी हमारे पास आती हैं, कई लोग इन पर कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं।



डीजीपी बाडी बिल्डिंग और शरीर को ठीक रखने के लिए भी दे रहे हैं संदेश

### सड़कों पर स्टंट करने वालों को बख्शेंगे नहीं

हरिभूमि के साथ बातचीत में कई सवालों पर खुलकर चर्चा की। डीजीपी ओपी सिंह ने प्रधानमंत्री के आगमन बेहद सम्मान की बात है, शांतिपूर्ण बेहतर ढंग से कार्यक्रम होने पर ड्यूटी पर डटे पुलिस कर्मियों को बधाई दी है। कुछ असामाजिक लोग सड़कों पर स्टंट करते हैं, बुलेट से पटाखे चलाते हैं। जिसके बारे में बुजुर्गों व बीमार लोगों द्वारा लगातार शिकायत की जाती हैं।

### ठीक ढंग से करें काम

हर एक थानेदार को दिशा निर्देश जारी करें ठीक ढंग से काम-डीजीपी

पुलिस प्रमुख ओपी सिंह ने कहा कि हर थानाध्यक्ष को हमने दिशा निर्देश जारी किए हैं। अपने अपने इलाकों में बेहतर काम करें और पांच बड़े अपराधियों को अंदर करने का लक्ष्य पूर्ण करें। डीजीपी ने यह भी कहा कि आए दिन दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जो लोग मन लगाकर काम करेंगे उन्हें आगे बढ़ने का मौका दिया जाएगा वर्ना उनके स्थान पर दूसरे लोगों को काम करने का मौका दिया जाएगा।

### मीडिया से अपील महिमा मंडन से बचें

डीजीपी ने कहा कि अपराधियों को महिमामंडन से भी बचना होगा क्योंकि इनको बढ़ा चढ़ाकर लिखना ठीक नहीं है। आने वाली पीढ़ियों को हम क्या संदेश देना चाहते हैं। अपराधियों को महिमामंडित करने से युवाओं को भटकना वाली बात होगी क्योंकि वे उनके जीवन व ग्लैमर को लेकर भ्रमित होकर गलत रास्ते पर जा सकते हैं मीडिया को बचना चाहिए।


**नगर एवं ग्राम आयोजना निदेशालय, हरियाणा**
नगर योजना भवन, प्लॉट नं. 3, ब्लॉक-ए, सेक्टर-18-ए, मध्य मार्ग, चंडीगढ़।
टेली-फैक्सः 0172-2548475, 0172-2549851,
ई-मेल : tcpharyana7@gmail.com, वेबसाइट www.tcpharyana.gov.in

ज्ञापन संख्या RCP-65/JD(RA)/2025/44787 दिनांक 25.11.2025

**सार्वजनिक सूचना**

अन्तिम विकास प्लान-2031 एडी, मडलौडा के आधार पर पूर्व में तैयार किये गये आरेखण नं. डीटीपी (पीएन) 623/25 दिनांक 14.01.2025 वाले सेक्टर-1 से 7, मडलौडा का सेक्टोरल-सह-शजरा प्लान, जिसको सरकार द्वारा सिद्धांततः अनुमोदित किया गया था, जिसमें प्वाइंट ए से बी तक सेक्टर-1, मडलौडा का मास्टर प्लान रोड स्थल पर सुसंगत नहीं है और इसको फिर से बदला जाना आवश्यक है। उसी आरेखण पर सेक्टर-1 से 7, मडलौडा, जिला पानीपत के सेक्टोरल प्लान में किये गये संशोधन को दर्शाते हुए अनुमोदित सेक्टोरल प्लान की एक स्कैन की हुई प्रति विभागीय वेबसाइट अर्थात www.tcpharyana.gov.in पर डाली गई है।

उपरोक्त के मद्देनजर, यदि किसी व्यक्ति को सेक्टोरल प्लान के प्रस्तावित संशोधन पर कोई आपत्ति है, तो लिखित में अपनी आपत्ति इस सूचना से 30 दिनों की अवधि के अंदर वरिष्ठ नगर योजनाकार, रोहतक के कार्यालय में दायर कर सकता है। दी गई अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। आपत्ति, यदि कोई प्राप्त हुई तो वरिष्ठ नगर योजनाकार, रोहतक के कार्यालय द्वारा मैरिट पर जांची जाएंगी और उन पर टिप्पणियां उस मामले पर अन्तिम निर्णय हेतु 15 दिन की अवधि के अंदर (आपत्तियां दायर करने हेतु 30 दिन की अवधि की समाप्ति के पश्चात) इस कार्यालय को अग्रेषित की जाएंगी।

दिनांक : हस्ता/- (अमित खत्री, आईएएस)
स्थान : चंडीगढ़ निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना, हरियाणा, चंडीगढ़

पीआरडीएच-1118/11/172/2026/40640/88/6 दि. 26.11.25



**CHHOTU RAM POLYTECHNIC, ROHTAK**
(Run & Managed by Jat Education Society (Regd.), Rohtak)

**THIRD PUBLIC NOTICE**

It is hereby notified for the general public that an open auction of old bricks and brick ballats stacked/heaped on filleen different locations nearby Workshop block consequent upon the demolition of old boys hostel (society) of Chhotu Ram Polytechnic, Rohtak, will be held in the college premises on 05/12/2025 (Friday) at 11.00 am. The tentative cost of the material is Rs. 6,40,000/- (Six Lakh forty thousand only)Interested bidders may participate in the auction by depositing Earnest Money of 30,000/- (Rupees Thirty Thousand only) in cash before the commencement of the auction. The highest bidder will be required to deposit 25% of the bid amount within two days and the remaining amount within a period of two months or disposal of all the material whichever is earliest.The auction shall be held on "as is where is" basis, and the decision of the auction committee shall be final and binding For further details queries or to inspect the material you may contact the Principal from 10 am to 1:00 PM in all working days.

**PRINCIPAL**



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 340 दिनांक 25.11.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना कलानौर रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे –
नाम - रेखा
पिता/पति- पुत्री कृष्ण
पता - निवासी गांव गढी वल्लब जिला रोहतक
उम्र 18 वर्ष 9 महीने।
कद- 5 फुट 2 इंच।
हुलिया - रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर।
पहनावा - हरे रंग का सूट सलवार पहने हुए है।



दिनांक 25.11.25 को रेखा पुत्री कृष्ण निवासी गांव गढी वल्लब जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9813989995

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 348 दिनांक 21.11.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना अर्बन एस्टेट रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे
नाम - कृष्ण
पिता/पति- पुत्र उदयसिंह
पता - निवासी गांव बोहर जिला रोहतक
उम्र-49 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच।
हुलिया - रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, दाहिने हाथ पर कृष्ण गुदवाये हुए।
पहनावा सफेद रंग की पैंट, लाल रंग की जर्सी, व पैरों में नीले रंग की चप्पल पहने हुए है।



दिनांक 21.11.25 को कृष्ण पुत्र उदयसिंह निवासी गांव बोहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक 9991760216

पीआरडीएच-1084/11/4150/2026/40647/88/6 दि. 26.11.2025



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में लोनिवि भ व प कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट और विभिन्न मकानों में सीलिंग फैन को बदलना और इलैक्ट्रिक रिवायरिंग का प्रावधान + 1 कार्य। | 25.11.2025 01.12.2025 | 15.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (3 अदद 16 पैसेंजर लिफ्ट और 3 अदद 20 पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान केवल)। | 25.11.2025 09.12.2025 | 153.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | जल सेवाएं (यांत्रिकी) उपमण्डल पानीपत में पीडी ब्रांच और जेएलएन, भैंसवाल, भालोट के प्लेटफॉर्म की मरम्मत करना और भालोट सब ब्रांच के प्लेटफॉर्म की सीढ़ी का प्रावधान व फिक्सिंग। | 25.11.2025 02.12.2025 | ईएमडी 3520 | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | कालांवाली सक्शन में (रबी 2025-26) और चैनलों से गाद को हटाना और आंतरिक तथा बाहरी सफाई के लिए आकलन + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.12.2025 | 73.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666235426 btech.sulekha@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज रेवाड़ी | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरावड़ा, ब्लॉक जाटूसाना, जिला रेवाड़ी के निर्माण हेतु परामर्शदायी सेवाओं का प्रावधान। | 27.11.2025 02.12.2025 | 2469.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | कौलापुर, गांव कौलापुर ब्लॉक पिपली कुरुक्षेत्र में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माणा + 1 कार्य। | 21.11.2025 04.12.2025 | 55.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव बसतारा में स्टेडियम के निकट जीटी रोड पर सामुदायिक केन्द्र हॉल (3 एकड़) का निर्माण। | 25.11.2025 06.12.2025 | 294.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज अम्बाला | पंचायती राज वृत्त रोहतक (जिला भिवानी, चरखी दादरी, रोहतक, झज्जर और सोनीपत के सभी गांव) और वृत्त, फरीदाबाद (जिला फरीदाबाद, नूह, पलवल के सभी गांव) हेतु विभिन्न विकास कार्यों के लिए तृतीय पार्टी निरीक्षण एजेंसी का पैनल तैयार करने के कार्य हेतु ई-निविदा सूचना। | 25.11.2025 04.12.2025 | ईएमडी 4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 9 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, रोहतक | लेबर एवं कार्टेज और परिवहन। | 01.12.2025 08.12.2025 | | https://haryanafood.gov.in | 9467511722 dfscroh@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/180/40663/I/88/6 दि. 26.11.25




## खबर संक्षेप

### खरखौदा: सम्मोहित कर केमिस्ट से ठगे रुपए

**खरखौदा।** शहर के लेबर चौक के पास एक केमिस्ट स्टोर संचालक प्रसून के साथ विचित्र ठगी का मामला आया है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह दुकान पर एक युवक दवाइयाँ लेने के बहाने आया। बातचीत के दौरान उसने प्रसून को एक कॉपी दिखाई। जैसे ही कॉपी खोली गई, उसमें से अजीब सी गंध निकली। दावा है कि गंध के असर में प्रसून कुछ देर के लिए सुन्न हो गए और गले में रखी पूरी नकदी उस युवक को सौंप बैठे। होश आने पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### खैर तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार

**यमुनानगर।** गांव संधाय के जंगल से खैर के पेड़ काटकर गाड़ी में लोड करके ले जा रहे खैर तस्कर वन विभाग की टीम को आता देखकर मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। साढ़ौरा के वन राजिक अधिकारी अजय नैन ने व्यासपुर थाने में दी शिकायत में बताया कि वह रात को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव संधाय के सरकारी जंगल से कुछ खैर तस्कर खैर की लकड़ी काटकर उसे गाड़ी में भरकर ले जा रहे हैं। आरोपी खैर तस्कर टीम को आता देखकर गाड़ी को मौके पर छोड़कर वहां से फरार हो गए। जांच करने पर मालूम हुआ कि गाड़ी से खैर की लकड़ी को गांव जट्टावाला निवासी नूर मोहम्मद उर्फ काला ले जा रहा था।

### आठ किलो गांजे सहित एक तस्कर को पकड़ा



**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 8 किलो 530 ग्राम गांजा बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान वारया उर्फ बारू पुत्र कुरडा निवासी बबनपुर, हाल लाली रोड, रतिया के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर रतिया क्षेत्र में सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत रणनीति बनाते हुए लाली रोड, रतिया पर नाका बंदी की। कुछ ही समय बाद नाका प्वाइंट पर पहुंचे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई।

# सीवन के बेअदबी मामले में फिर मचा घमासान

## आरोपी ने लगाया शिकायतकर्ता और उसके परिजनों पर मारपीट का आरोप ↕ सोशल मीडिया पर वीडियो रिकॉर्डिंग जारी की, अब मामले ने पकड़ा तूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल जिले के सीवन में श्री दशमेश सिंह सभा गुरुद्वारा में सिख पंथ की बेअदबी और गुरुद्वारा के कैशियर सहित अन्य संगत से मारपीट करने और गाली गलौज करने के मामले में नया मोड़ आया है। मामले में आरोपी बनाए गए पवित्र सिंह ने सोशल मीडिया पर वीडियो वारयल करते हुए शिकायतकर्ता पक्ष व उसके परिजनों पर मारपीट का आरोप लगाया है। जब वह अगले दिन गुरुद्वारे में गया, तो बाबा ने कहा कि यह नोटिस उसके कारण लगाया है, क्योंकि वह दाढ़ी काटता है। उसने अन्य गुरुद्वारों का उदाहरण दिया तो बाबा गुस्सा हो गए। उन्होंने अगले दिन 10 से 15 व्यक्ति इकट्ठे कर लिए और उसे गुरुद्वारा में बुला लिया। वह परिवार के साथ वहां चला गया। वहां पर बिट्टू सिंह ने उसे गाली दी। इसे लेकर उनकी कहासुनी हो गई तो उसके परिवार के साथ मारपीट की गई तथा उसकी पगड़ी उतार दी।

■ 20 नवंबर को गुरुद्वारा दशमेश सिंह सभा में पंचायत हुई

### यूएस में रहता है, किडनी ट्रांसप्लांट



वीडियो में जानकारी देते पवित्र सिंह।

सीवन पुलिस को दी शिकायत में पवित्र सिंह ने बताया कि वह यूएस का सिटिजन है। उसके पिता कई साल से बीमार हैं, जो अपना इलाज करवाने के लिए भारत आए थे। उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। साथ ही स्पाइन, हार्ट, किडनी और शुगर के मरीज हैं। वह उनकी देखभाल के लिए भारत आया। बीमार होने के कारण उनको नींद नहीं आती। इस बारे में उन्होंने गुरुद्वारा के बाबा को कहा कि लाउडस्पीकर की आवाज कम कर लें, लेकिन बाबा ने कहा कि ये तो ऐसे ही चलेगा, दूसरे मोहल्ले तक आवाज पहुंचानी है, वह प्रार्थना करके आ गया। जब वह चढ़दी कलां की अरदास करने के लिए गुरुद्वारे गया तो बाबा ने उसे देखकर अगले दिन नोटिस लगा दिया कि बिना अमृतधारी व्यक्ति सेवा नहीं कर सकता।

### दो दिन तक मेडिकल नहीं किया गया

वह मेडिकल करवाने गया, तो उसका दो दिन तक मेडिकल नहीं किया गया। फिर उसके पास अज्ञात नंबर से फोन आया कि उसने गुरुद्वारा साहिब में लगा नोटिस फाड़ दिया है। इस पर उसने मना कर दिया। उन्होंने भय का हवाला देते हुए सिख समाज से उसकी और उसके परिवार की सहायता की अपील की है। 20 नवंबर को गुरुद्वारा दशमेश सिंह सभा में समूह संगत की पंचायत हुई, जिसमें पवित्र सिंह व उसके परिवार को बुलाया गया। फिर पंचायत में भी आकर उसने दोबारा फिर समूह संगत के साथ गाली गलौज व उसके साथ हाथापाई की।

### लाल सिंह उर्फ बिट्टू ने सीवन थाना में दी शिकायत

गौरतलब है कि श्री दशमेश सिंह सभा गुरुद्वारा सीवन के कैशियर लाल सिंह उर्फ बिट्टू ने सीवन थाना में दी शिकायत में आरोप लगाया था कि 19 नवंबर की शाम करीब साढ़े छह बजे गुरुद्वारा साहिब परिसर में संगत पहुंची हुई थी। वहां पर संगत की मौजूदगी में सीवन के पवित्र सिंह नामक व्यक्ति ने गुरुद्वारा परिसर में लगे सिख मर्यादा के पोस्टर को फाड़ दिया। साथ ही गुरुद्वारा के ग्रंथी के साथ गाली गलौज व मारपीट की।

### जांच शुरू

सीवन थाना पुलिस के जांच अधिकारी शीशपाल ने बताया कि पुलिस ने मामले में पवित्र सिंह की शिकायत पर लाल सिंह, डा. कुलदीप चीमा, अमरेंद्र खारा, जसबीर सिंह और कुकी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उसके केशों व पगड़ी की बेअदबी की गई।

# होटल के कारिंदे से दिन में हुआ विवाद रात को गोली मारकर मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

काकोड़िया के पास एक होटल पर कार्य करने वाले कारिंदे का मंगलवार दोपहर शराब ठेके के सेल्समैन के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। उसके बाद रात को सेल्समैन ने दो अन्य लोगों के साथ होटल पर जाकर कारिंदे के साथ झगड़ा कर दिया। एक आरोपी ने सीधे छाती पर पिस्टल लगाकर उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रात को ही नाकेबंदी करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। होटल मालिक की शिकायत के आधार पर थाना सदर पुलिस ने हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। राजस्थान के जिला अलवर के गांव आलनपुर निवासी महेश गुर्जर लगभग 20 दिन पहले काकोड़िया के होटल पर काम करने के लिए नौकरी लगा था। वह मंगलवार को पास में ही शराब के ठेके पर गया था। कमिशन को लेकर उसका सेल्समैन के तौर पर बैठे



मौके पर पहुंचे अधिकारी, मुख्य आरोपी को वारदात के कुछ समय बाद ही किया काबू

गोकलगढ़ निवासी अशोक के साथ विवाद हो गया था। वहां मौजूद लोगों ने दोनों का बीच-बचाव करा दिया। रात को करीब 8 बजे अशोक डाबड़ी के सरपंच मेहरचंद व काकोड़िया निवासी तेजपाल के साथ बाइक पर होटल पहुंच गया। तीनों ने महेश के साथ एक बार फिर से झगड़ा करना शुरू कर दिया। होटल मालिक विजयपाल ने तीनों को समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान अशोक ने अपनी जेब से पिस्टल निकालकर महेश की छाती पर गोली दाग दी। महेश गोली लगते ही जमीन पर गिर गया तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलते ही होटल व आसपास के एरिया में अफरा-तफरी मच गई। तीनों आरोपी बाइक लेकर वहां से फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। डीएसपी जोगेंद्र शर्मा व एसएचओ सदर भी भी घटनास्थल पर पहुंचे।

### हिस्ट्रीशीटर है मुख्य आरोपी अशोक



*डीएसपी जोगेंद्र शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मुख्य आरोपी अशोक का आपराधिक रिकॉर्ड है। वह सजायाफ्ता भी है। उसके खिलाफ एक दर्जन के आसपास केस दर्ज हैं। वह जेल से जमानत पर बाहर आया हुआ था। ठेके का सेल्समैन छुट्टी पर होने के कारण ठेकेदार ने अशोक को कुछ दिनों के लिए बतौर सेल्समैन रखा हुआ था। अशोक को नाकेबंदी के बाद काबू कर लिया गया है, जबकि उसके दो अन्य साथियों की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।*

### पुलिस ने सूचना के बाद जिले की सीमाओं को सील कर नाकेबंदी की

पुलिस ने गोली चलने की सूचना के बाद जिले की सीमाओं को सील करते हुए नाकेबंदी कर दी। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। नाकेबंदी के बाद पुलिस ने गोकलगढ़ निवासी अशोक को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। विजयपाल की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बुधवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### खाद्य आपूर्ति विभाग का इंस्पेक्टर 5 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चौपटा।** एंटी करप्शन ब्यूरो सिरसा टीम के इंचार्ज इंस्पेक्टर सत्यवान ने नाथूसरी चौपटा ब्लॉक में गांव तरकावाली के डिपो होल्डर से 5000 रिश्वत लेते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर विवेक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गांव तरकांवाली निवासी डिपो होल्डर सुभाष सहारण ने बताया कि वह काफी समय से गांव में डिपो चला रहा है। उसने बताया कि इंस्पेक्टर विवेक काफी समय से कमियां बताकर व डिपो किसी और को अलॉट करने व कभी डिपो बंद करने की धमकी देकर 5 हजार रुपए महीना रिश्वत की मांग कर रहा था, जबकि वह विभागीय नियमों के अनुसार डिपो का संचालन कर रहा था। दो दिन पूर्व भी उसने 5 हजार रुपए की मांग की थी। उसने इस बाबत विजीलेंस टीम के इंचार्ज इंस्पेक्टर सत्यवान से इस संबंधी बातचीत की। टीम ने रंग लगे 500-500 के दस नोट उसे दिए। आज सुबह उसने इंस्पेक्टर विवेक को रोड पर 5 हजार रुपए देने के लिए बुलाया था। सुबह इंस्पेक्टर विवेक डिपो होल्डर सुभाष से रिश्वत की राशि लेने के लिए आया। सुभाष ने रंग लगे नोट विवेक के हाथों में थमा दिए। इसी दौरान विजीलेंस की टीम ने दस्तक देते हुए विवेक को राशि सहित रंगे हाथों काबू कर लिया। टीम इंस्पेक्टर विवेक को आगामी कार्रवाई के लिए अपने साथ ले गई।

### बुजुर्ग के खाते से दो लाख रुपये उड़ाए, अपडेट के नाम पर ठगा

**सोनीपत।** सोनीपत में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां सेक्टर-15 निवासी एक बुजुर्ग को लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट कराने का बहाना बनाकर दो लाख रुपये की चपत लगा दी गई। खुद को बैंक अधिकारी बताकर योजना को अंजाम दिया। पीड़ित भीम ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 नवंबर को उनके मोबाइल पर एक युवक का फोन आया। फोन करने वाले ने पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी के रूप में दिया और कहा कि उनकी पेंशन के वार्षिक लाइफ सर्टिफिकेट का सत्यापन किया जाना है। उसने भरोसा दिलाया कि यह प्रक्रिया मोबाइल पर ही पूरी हो जाएगी और उन्हें बैंक आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बुजुर्ग को विश्वास में लेने के बाद कॉलर ने आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर, बैंक खाता नंबर, डेबिट कार्ड डिटेल और पीपीओ नंबर तक की जानकारी ले ली। ठग ने ओटीपी पूछा और पीड़ित ने उसे बता दिया। पांच बार ट्रांजेक्शन हुए और उनके खाते से दो लाख गायब हो गए।

■ ओटीपी लेते ही पांच ट्रांजेक्शन में साफ कर दी पूरी रकम

### डालर में फायरिंग रंगदारी मांगने वालों से बाइक व 2 गाड़ी बरामद

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की एएनसी टीम ने बिहौली गांव में घर पर हुई फायरिंग और रंगदारी मांगने की वारदात में गिरफ्तार चार आरोपियों से पुलिस रिमांड के दौरान 2 दो देसी पिस्तौल, 8 जिंदा रौंद, 5 मोबाइल, 1 बाइक व 2 गाड़ी बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एएनसी प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार की टीम ने वारदात का पर्दाफाश कर गिरोह के मास्टरमाइंड सहित चार को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में मास्टरमाइंड आरोपी विकास नगर निवासी आरोपी मोहित ने अमेरिका में रह रहे अपने जानकार रेर कला गांव निवासी अनिल के कहने पर ममेरे भाई सांपला गांव निवासी आरोपी अजीत उर्फ आदित्य, आशीष व सांपला निवासी इनके दोस्त मंजीत उर्फ चान्नू के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम दिया था। रेर कलां गांव निवासी अनिल करीब दो साल पहले डोंकी के रास्ते अमेरिका गया था। बिहौली गांव निवासी पीड़ित प्रदीप 2019 में अमेरिका गया था और करीब 15 दिन पहले वापिस आया है। अनिल ने प्रदीप से उक्त आरोपियों को दो लाख देने का प्रलोभन देकर से प्रदीप के घर फायरिंग करवा दहशत बना 90 हजार अमेरिकी डॉलर मांगे थे।

■ देसी पिस्तौल, 8 जिंदा रौंद, 5 फोन मिले

### पति आत्महत्या केस में आरोपित एनआरआई पत्नी-ससुर गिरफ्तार

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने लगभग छह माह पहले गांव रेवर में युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने की आरोपित पत्नी तथा ससुर को गिरफ्तार किया है। गांव रेवर निवासी सतपाल ने गत 12 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके बेटे खुशवंत की शादी 21 जून 2021 को करनाल निवासी किरणदीप के साथ हुई थी। जिसके बाद किरणदीप कनाडा चली गई। जिसके पास पहले से कनाडा की पीआर थी। वह दो साल तक खुशवंत को कनाडा ले जाने पर टाल-मटोल करती रही। आखिरकार खुशवंत टूरिस्ट वीजा पर कनाडा चला गया। खुशवंत का वहां पर काम नही चला। जबकि उसकी पत्नी रुपयों की डिमांड करने लगी। किरणदीप का भाई हरमीक उसके बेटे को धमकियां देने लगा। किरणदीप ने उसके बेटे खुशवंत को कनाडा जेल में भिजवा दिया। दो माह तक जेल में रहने के बाद उसका बेटा खुशवंत लगभग लगभग डेढ़ साल पहले वापस घर लौट आया। किरणदीप कनाडा से उसके घर आती जाती रही लेकिन किरणदीप के पास नही आई। जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच पंचायत भी हुई।

■ समझौते की एवज में एक करोड़ रुपये की डिमांड का आरोप

### आरटीओ फीस में दस गुना वृद्धि- किसानों से नाइंसाफी : राव नरेंद्र

**चंडीगढ़।** भाजपा सरकार ने नया फैसला लेते हुए किसान के ट्रैक्टर का नवीनीकरण शुल्क 10 गुना बढ़ा दिया। इसको लेकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की। हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार हर दिन नए नए फरमान जारी जनता के लिए नई-नई मुसीबत खड़ी कर रही है। उन्होंने कहा कि हमेशा से कृषि और किसानों के विरोध में रही भाजपा सरकार ने ट्रैक्टर पर नवीनीकरण शुल्क 10 गुना बढ़ाकर एक बार फिर से किसान विरोधी फैसला सुनाया। सत्ता के नशे में चूर, इन्हें जरा भी इस बात का इल्म नहीं कि किसान जो कि पहले से ही दबाव में है ,और ज्यादा दबाव देकर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से न केवल किसानों का, बल्कि कृषि अर्थव्यवस्था का भारी नुकसान कर रहे हैं।राव नरेंद्र सिंह ने कहा की इस देश में लगभग 45% आबादी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खेती पर निर्भर है। लगभग 17-18% सकल घरेलू उत्पाद में कृषक का योगदान है।

■ भाजपा सरकार ने ट्रैक्टर पर नवीनीकरण शुल्क 10 गुना बढ़ाकर

# डीएलएड की परीक्षा का परिणाम घोषित

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार व उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा सितम्बर/अक्तूबर-2025 में संचालित करवाई गई डीएलएड प्रवेश वर्ष-2022-2024 प्रथम/द्वितीय वर्ष (रि-अपीयर), प्रवेश वर्ष-2023-2025 प्रथम वर्ष (रि-अपीयर), द्वितीय वर्ष (नियमित) व प्रवेश वर्ष-2024-2026 प्रथम वर्ष (नियमित) तथा प्रवेश वर्ष-2020-2022 से 2021-2023 प्रथम/द्वितीय वर्ष (मर्सी चांस) की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सम्बन्धित छात्र-अध्यापक अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि डी.एल.एड. परीक्षाएं सितम्बर/अक्तूबर-2025 की परीक्षा में प्रदेशभर में कुल 23,628 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए। उन्होंने बताया कि डी.एल.एड. प्रवेश वर्ष 2022-24 प्रथम वर्ष (रि-अपीयर) में 457 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए, जिनमें से 296 उत्तीर्ण रहे, जिनकी पास प्रतिशतता 64.77 रही है। डी.एल.एड. प्रवेश वर्ष 2022-24 द्वितीय वर्ष (रि-अपीयर) में 1102 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए, जिनमें से 879 उत्तीर्ण रहे, जिनकी पास प्रतिशतता 79.76 रही है। डी.एल.एड. प्रवेश वर्ष 2023-25 प्रथम वर्ष (रि-अपीयर) में 385 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए, जिनमें से 252 उत्तीर्ण रहे, जिनकी पास प्रतिशतता 65.45 रही है।

### 1594 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट

डी.एल.एड. प्रवेश वर्ष 2023-25 द्वितीय वर्ष (नियमित) में 1594 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए, जिनमें से 985 उत्तीर्ण रहे, जिनकी पास प्रतिशतता 61.79 रही है। डी.एल.एड. प्रवेश वर्ष 2024-26 प्रथम वर्ष (नियमित) में 19,993 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए, जिनमें से 13,214 उत्तीर्ण रहे, जिनकी पास प्रतिशतता 66.09 रही है। डी.एल.एड. प्रवेश वर्ष 2020-22 प्रथम वर्ष (मर्सी चांस) की पास प्रतिशतता 80.00 तथा द्वितीय वर्ष (मर्सी चांस) की पास प्रतिशतता 100 प्रतिशत रही है। इसके अतिरिक्त डी.एल.एड. प्रवेश वर्ष 2021-23 प्रथम वर्ष (मर्सी चांस) की पास प्रतिशतता 71.43 तथा द्वितीय वर्ष (मर्सी चांस) की पास प्रतिशतता 88.89 प्रतिशत रही है।

# इफको सेंटर पर मारा छापा, रिकार्ड कब्जे में लिया

**गोहाना।** किसानों की शिकायत और सीएम फ्लाइंग की गुप्त सूचना पर बुधवार को अधिकारियों ने गोहाना में इफको सेंटर पर छापा मारा। अधिकारियों को मौके पर ट्रक में यूरिया के 600 बैग भरे हुए मिले। यूरिया के स्टाक की जांच की तो 1,054 बैग का अंतर मिला। अधिकारियों ने ट्रक और सेंटर के रिकार्ड को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



■ यूरिया के स्टाक की जांच की तो 1,054 बैग का अंतर मिला

सेंटर के इंचार्ज व ट्रक चालक के बयान दर्ज किए। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को यूरिया का रैक लगवाया था। गोहाना के किसानों के लिए यूरिया के 1,250 बैग गोहाना में इफको सेंटर पर भिजवाए गए थे। किसानों ने अधिकारियों को खाद न मिलने की शिकायत की। सीएम फ्लाइंग टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक डा. पवन शर्मा पहुंचे। अधिकारियों को मौके पर एक ट्रक में यूरिया के 600 बैग लोड हुए मिले। ट्रक चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि ट्रक की सांपला के लिए बुकिंग कराई गई है। इफको सेंटर के प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र के किसानों के लिए खाद भिजवाया जा रहा था। सेंटर में स्टाक की जांच की गई तो यूरिया के 1,054 बैग का अंतर मिला। यूरिया से भरे ट्रक को पुलिस ने कब्जे में लेकर शहर थाना में खड़ा करवा दिया।

# जींद में घर से आधा किलो चांदी और 26 तोले सोना उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ परिवार के लोग करनाल गए थे, पुलिस जांच में जुटी

शिवपुरी कालोनी में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर आधा किलो चांदी तथा 26 तोले सोने के जेवरात चोरी कर लिए। घटना के दौरान परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिवपुरी कालोनी निवासी इंद्रजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पत्नी के साथ कार्यवश करनाल गया हुआ था। उसका बेटा भी बाहर गया हुआ था। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर आधा किलोग्राम चांदी के जेवरात तथा 26 तोले सोने के जेवरातों को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब उसका बेटा अल सुबह घर वापस लौटा। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने जब आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे की फूटेज को देखा तो एक चोर गली से गुजरता दिखाई दिया। शहर थाना पुलिस ने इंद्रजीत की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना के जांच अधिकारी वजीर सिंह ने बताया कि घटना के दौरान परिजन कार्यवश बाहर गए हुए थे। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सोनीपत स्टेशन पर आधा दर्जन एक्सप्रेस और कई सवारी गाड़ियां घंटों लेट

# सर्दी बढ़ते ही ट्रेनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मौसम में बदलाव के साथ लंबी दूरी पर चलने वाली ट्रेनों के परिचालन पर असर दिखना शुरू हो गया है। सर्दी बढ़ने के साथ ट्रेनों की रफ्तार धीमी पड़ रही है और देरी से आने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों की वजह से कुरुक्षेत्र-दिल्ली रूट पर दौड़ने वाली सवारी गाड़ियां भी समय से पीछे चल रही हैं। बुधवार को सोनीपत स्टेशन पर कई एक्सप्रेस और सवारी गाड़ियां अपने निर्धारित समय से लेकर 4 घंटे तक की देरी से पहुंचीं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।




**सोनीपत।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली-अंबाला रूट पर चलने वाली अधिकांश गाड़ियां सर्दी की शुरुआत के साथ ही लेटलतीफी का शिकार हो रही हैं। यात्रियों का कहना है कि जैसे-जैसे कोहरा बढ़ेगा, स्थिति और खराब हो सकती है। यात्रियों नरेश कुमार, आशु, प्रमोद कुमार और जितेंद्र ने बताया कि एक्सप्रेस ट्रेनों को प्राथमिकता देने के चलते सवारी गाड़ियों को बीच के स्टेशनों पर रोक दिया जाता है, जिससे यात्रियों में भारी रोष देखने को मिलता है। ट्रेनों की अनियमितता को देखकर यात्रियों में यह चिंता बढ़ गई है कि सर्दियों के साथ यह समस्या और गहराई लेगी, जिससे दैनिक यात्रियों और लंबी दूरी के यात्रियों की परेशानी और बढ़ सकती है। इससे सबसे ज्यादा दैनिक यात्री परेशान होंगे।

### समय सारणी में सुधार किया जा रहा

दिल्ली-अंबाला रूट पर ट्रेनों के परिचालन की समय सारणी में सुधार किया जा रहा है। कई बार सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनों को पासिंग देने के लिए सवारी गाड़ियों को रोकना पड़ता है। रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयासरत है।

-हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे

### ये गाड़ियां रही लेट

बुधवार को दिल्ली से अंबाला रूट पर 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस 4 घंटे 18 मिनट, 14217 ऊंचाहार एक्सप्रेस 2 घंटे 25 मिनट, 11841 गीता जयंती एक्सप्रेस 1 घंटे 23 मिनट और 12311 नेताजी एक्सप्रेस 1 घंटे 24 मिनट की देरी से सोनीपत पहुंचीं। इसके अलावा 64531 और 64465 सवारी गाड़ियां भी क्रमशः 1 घंटे 17 मिनट और 1 घंटे 4 मिनट लेट रहीं। अंबाला-दिल्ली रूट पर 11058 दादर एक्सप्रेस 1 घंटे 3 मिनट, 14508 बठिंडा एक्सप्रेस 1 घंटे की देरी से पहुंची। वहीं 14680 दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस 1 घंटे 7 मिनट पीछे रही। सवारी गाड़ियों में 64464, 64536 और 64454 क्रमशः 1 घंटे 4 मिनट, 1 घंटे 2 मिनट और 1 घंटे 23 मिनट की देरी से स्टेशन पर पहुंचीं।

# कर्नाटक में सीएम कुर्सी पर घमासान, खरगे बोले- आलाकमान लेगा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्नाटक में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर घमासान मचा हुआ है। वर्तमान मुख्यमंत्री तो सिद्धारमैया हैं लेकिन डीके शिवाकुमार खेमा अपने नेता को मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहा है। पिछले कई दिनों से दोनों खेमे के विधायक दिल्ली पहुंच रहे हैं और हाई कमान से अपनी बात कह रहे हैं।

अब इस मामले पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान सामने आया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच सत्ता संघर्ष की बात स्वीकार करते हुए कहा कि पार्टी आलाकमान सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस संकट को सुलझाने के लिए कोई न कोई फ़ैसला लेंगे। खड़गे ने कहा, 'आलाकमान (मैं, राहुल जी और सोनिया जी) मिलकर इस मुद्दे पर फ़ैसला लेंगे और इसे सुलझाएंगे।'

### सिर्फ़ एक गुट है और वो कांग्रेस गुट- शिवकुमार

इस बीच उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया और दोहराया कि कांग्रेस के भीतर कोई भ्रम नहीं है। उन्होंने कहा, 'कोई भ्रम नहीं है। किसी को कुछ भी मांगना नहीं चाहिए। कोई गुट नहीं है। सिर्फ़ एक गुट है – कांग्रेस गुट। हमारा गुट 140 विधायकों का है।' 20 नवंबर को कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल के आधे पड़ाव पर पहुंचने के साथ ही मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच शीर्ष पद के लिए रस्साकशी तेज हो गई है।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने स्वीकारी सत्ता संघर्ष की बात**

**सिद्धारमैया और शिवकुमार को लेकर 'ढाई साल वाली डील' की चर्चा**



**मीडिया में चर्चा :** *प्रियांक खड़गे ने कहा, 'मीडिया में चर्चा चल रही है। अगर राहुल गांधी से नहीं, तो क्या मैं मोहन भागवत (आरएसएस प्रमुख) से मिलूंगा? क्या मैं अपनी बैठक की जानकारी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को दिए बिना केशव कृपा (आरएसएस राज्य मुख्यालय) को रिपोर्ट करूंगा? राहुल गांधी को बेंगलुरु टेक समिट के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन वे नहीं आ सके।'*

### शिवकुमार के करीबी विधायकों का दिल्ली डेरा

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार शिवकुमार के करीबी माने जाने वाले छह विधायक केंद्रीय नेताओं से चर्चा के लिए दिल्ली पहुंचे और विधायकों के आने की उम्मीद है। पिछले हफ़्ते लगभग दस विधायकों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की थी।

### 'हम पांच-छह लोगों के बीच एक गुप्त समझौता हुआ था'

*शिवकुमार अभी कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि वह इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करना चाहते क्योंकि पार्टी में हम पांच-छह लोगों के बीच एक गुप्त समझौता हुआ था और उन्हें अपनी अंतरात्मा की आवाज़ पर विश्वास है। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता। मैंने खुद को मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं कहा है। मैं किसी भी तरह से पार्टी को शर्मिंदा नहीं करना चाहता और न ही उसे कमज़ोर करना चाहता हूं। अगर पार्टी है, तो हम हैं। अगर कार्यकर्ता हैं, तो हम भी हैं।' इससे पहले अपने गृह क्षेत्र कनकपुरा में पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा था, 'मुख्यमंत्री ने अपनी बात कह दी है। वह एक वरिष्ठ नेता हैं। वह पार्टी के लिए एक अनमोल रत्न हैं।*

## खबर संक्षेप

### कोटा के ईवी शोरूम में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** राजस्थान के कोटा में बुधवार सुबह एक इलेक्ट्रिक गाड़ी के शोरूम में भीषण आग लग गई।



आग लगने से लगभग 50 से ज्यादा इलेक्ट्रिक गाड़ियां जलकर राख गईं। आग की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है। आग देखते ही देखते तेजी से पूरे शोरूम में फैल गई। कोटा फायर डिपार्टमेंट से चार फायर इंजन मौके पर भेजे गए।

### बेटे को मंत्री बनाने पर आरएमएल में टूट

**पटना।** राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को बिहार की नीतीश सरकार में मंत्री



बनाने के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा में विरोध शुरू हो गया है। पार्टी में नाराजगी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ, प्रदेश प्रवक्ता राहुल कुमार, प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव सहित अन्य कई नेताओं ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

### चक्रवाती तूफान से भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार देर रात बड़ा अपडेट जारी करते हुए बताया



कि मलक्का जलडमरूमध्य के ऊपर बना गहरा दबाव अब चक्रवाती तूफान 'सेन्यार' में बदल चुका है। 6घंटों में सिस्टम ने 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ते हुए तूफान का रूप ले लिया है।

## मुंबई हमले की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# गृहमंत्री शाह ने आतंक को 'बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने' पर दिया जोर

### 26 नवंबर 2008 को आतंकवादियों से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया

**पूरा विश्व भारत के आतंकवाद विरोधी अभियानों की सराहना कर रहा**

भाषा ▶▶| मुंबई/नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की मोदी सरकार की नीति स्पष्ट है और पूरा विश्व भारत के आतंकवाद विरोधी अभियानों की सराहना कर रहा है तथा व्यापक समर्थन दे रहा है। मुंबई आतंकवादी हमले के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए शाह ने कहा कि आतंकवाद किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है। मुंबई में, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शहर के पुलिस मुख्यालय में उन लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की, जिन्होंने 26 नवंबर 2008 को आतंकवादियों से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। आतंकवादी हमले में शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों के सदस्यों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**पूरे देश ने शहीदों को याद किया**

**जगह-जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन हुआ**



### पूरी मानव जाति के लिए बहुत बड़ा अभिशाप

शाह ने 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि आतंकवाद किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है। उन्होंने कहा, ''मुंबई आतंकी हमले का डटकर सामना करते हुए अपना बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन करता हूं और इस कायराना हमले में अपनी जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मोदी सरकार की आतंक के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' (बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने) की नीति स्पष्ट है, जिसे पूरा विश्व सराह रहा है और भारत के आतंकवाद विरोधी अभियानों को व्यापक समर्थन दे रहा है।''

### मैं वीर सैनिकों को नमन करती हूं : राष्ट्रपति

हमले की 17वीं बरसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शहीदों को याद करते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट



में कहा, '' 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की बरसी पर, मैं उन वीर सैनिकों को नमन करती हूं जिन्होंने हमारे देश के लोगों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्र उनके सर्वोच्च बलिदान को कृतज्ञतापूर्वक याद करता है। मुर्मू ने कहा, ''आइए! हम हर तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। आइए! हम एक मजबूत और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ प्रगति के पथ पर एक साथ आगे बढ़ें।''

### 10 आतंकवादियों ने किया था हमला



पाकिस्तान से आये 10 आतंकवादियों द्वारा 26 नवंबर 2008 को मुंबई के कई हिस्सों में एक साथ किये गये हमलों में 166 लोगों की जान चली गयी थी और 300 से अधिक घायल हो गये थे। पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के 10 सशस्त्र आतंकवादी समुद्र के रास्ते शहर में घुसे थे और उन्होंने ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट होटल, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और नरीमन हाउस सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों पर एक साथ हमलों को अंजाम दिया था। इन हमलों की वैश्विक स्तर पर निंदा हुई और इसके बाद भारत के आतंकवाद-रोधी उपायों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए। बुधवार को कई लोगों ने सीएसएमटी, कामा व आल्बलेस रुग्णालय तथा अन्य स्थानों पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें पाकिस्तानी आतंकवादियों ने निशाना बनाया था। कई लोगों ने सहायक उपनिरीक्षक तुकाराम ओम्बले की प्रतिमा ''प्रेरणा स्थल'' पर भी पुष्पांजलि अर्पित की, जो गिरगांव चौपाटी पर आतंकवादी अजमल कसाब को पकड़ते समय लाठी लेकर आतंकवादियों से भिड़ गये थे और शहीद हो गए थे।

### पीड़ित परिवारों के साथ खड़े

'एक्स' पर पोस्ट किये गए एक बयान में, अमेरिकी दूतावास ने कहा कि वह पीड़ितों की स्मृति का सम्मान करता है और हमलों के पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ा है। बयान के अनुसार, ''अमेरिका इन हमलों के लिए ज़िम्मेदार लोगों को अदालत के कठघरे में लाने के भारत के प्रयासों का लंबे समय से समर्थन करता रहा है। दूतावास ने यह भी कहा कि अमेरिका ने इस साल तहव्वुर हुसैन राणा को इस भयावह हमले की साजिश रचने में उसकी भूमिका के लिए भारत प्रत्यर्पित किया था। अमेरिकी दूतावास ने कहा, ''राणा का प्रत्यर्पण इन जघन्य हमलों में मारे गए पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 26/11 के पीड़ितों को याद करते हुए, हम अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के साथ मिलकर, आतंकवादी कृत्यों के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि करते हैं।''

### खुद को पीड़ित बताते हैं

मुंबई में इजराइल के महावाणिज्य दूत यानिव रेवाच ने बुधवार को कहा कि उनका देश और भारत न केवल आतंकवादियों से लड़ रहे हैं, बल्कि उन झूठे विमर्श से भी लड़ रहे हैं जिनमें हमलावर खुद को पीड़ित बताते हैं। मुंबई में इज़राइल के महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, रेवाच ने कहा कि दोनों देश कई वर्षों से आतंकवाद से पीड़ित हैं।

## स्कूल में बच्चे को लटकाने का मामला

# शिक्षा के नाम पर बच्चों के साथ क्रूरता बर्दाश्त नहीं : हाईकोर्ट


तालिबानी सजा...बच्चे ने होमवर्क नहीं किया तो शिक्षिका ने पेड़ पर लटका दिया, अभिभावकों ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

**खबर का असर**

रामानुजनगर में एक प्राइवेट स्कूल में केजी-टू के छात्र (5 वर्ष) को होमवर्क नहीं करने पर टीचर ने घंटों पेड़ से लटकाए रखा। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पेरेंट्स का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में परिजनों ने स्कूल के बाहर हंगामा कर दिया। हाईकोर्ट ने भी मामले को काफी गंभीर माना है और संज्ञान लेते हुए सचिव स्कूल शिक्षा विभाग से शपथ पत्र में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 9 दिसंबर को तय की गई है। कोर्ट ने कहा है कि शिक्षा के नाम पर बच्चों के साथ क्रूरता और निजी स्कूलों में अव्यवस्था असहनीय है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। शासन को इसे गंभीरता से लेना होगा। हालांकि शिक्षा विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि मामले में शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है और स्कूल की मान्यता समाप्त करने की नोटिस दी गई है।

दरअसल, यह मामला रामानुजनगर ब्लाक मुख्यालय क्षेत्र के नारायणपुर के हंसवानी विद्या मंदिर का है। इस स्कूल में नर्सरी से पाचवीं तक के छात्र पढ़ते हैं। जानकारी के अनुसार, सोमवार को जब स्कूल खुला तो बच्चे समय पर स्कूल पहुंचे। इसी बीच नर्सरी क्लास में जब पढ़ाई शुरू हुई तो टीचर काजल साहू ने होमवर्क चेक किया। इसी दौरान एक छात्र ने अपना होमवर्क पूरा नहीं किया था। इसपर टीचर काजल साहू बच्चे पर भड़क गई। टीचर ने बच्चे सजा के तौर पर क्लास से बाहर निकाल दिया। इसके बाद स्कूल परिसर में एक पेड़ से रस्सी के सहारे उसे को लटका दिया। बच्चा रस्सी के सहारे घंटों लटकता रहा।

### शिक्षिका बर्खास्त

*स्कूल प्रबंधन घटना को मामूली बताता रहा। मामले में विवाद बढ़ने पर शिक्षा विभाग भी हरकत में आ गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। उन्होंने मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही है। मामले में सूरजपुर डीईओ अजय मिश्रा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है।*

### वायरल हुआ वीडियो

*इस दौरान बच्चा रोता रहा, टीचर से उसे छोड़ने के लिए कहता रहा, लेकिन उन्होंने बच्चे की बिल्कुल भी नहीं सुनी। जिस समय बच्चे को पेड़ से लटकाया गया था, उसी दौरान किसी ग्रामीण ने घटना का वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में पेरेंट्स स्कूल के बाहर इकट्ठा हो गए और विरोध प्रदर्शन किया।*

### चुनाव आयोग ने बंगाल पुलिस को लिखा पत्र

# चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें

**निर्वाचन अधिकारियों को खतरा पर जताई चिंता**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में गहन मतदाता पुनरीक्षण (सर) के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता पुलिस को पत्र लिखकर चुनाव अधिकारियों की सुरक्षा के प्रति चिंता जताई है। ईसी ने पत्र लिखकर कहा है



कि एसआईआर की ड्यूटी में तैनात चुनाव अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। जानकारी में आया है कि 24 नवंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यालय की सुरक्षा तोड़ी गई। मुख्य चुनाव आयुक्त, अडिशनल चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर, जॉइंट चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर और डिप्टी चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर की सुरक्षा से भी खिलवाड़ किया गया है। आयोग ने पहले ही घटना का संज्ञान लिया है और ऑफिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है।

### जय हिंद से जो टकराएगा, चूर-चूर हो जाएगा: ममता

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने राज्यसभा की ओर से जारी किए गए बुलेटिन पर तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें सदन के



भीतर धन्यवाद, थैंक यू, जय हिंद, वंदे मातरम या किसी अन्य प्रकार के नारे लगाने पर रोक लगाने की बात कही गई है। ममता ने इस पर कहा कि क्यों नहीं बोलेंगे? जय हिंद और वंदे मातरम हमारा राष्ट्रीय गीत है। यह हमारी आजादी का नारा है। जय हिंद हमारे नेताजी का नारा है। इससे जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा।

# छात्रों ने बस-कारें फूंकीं, सीहोर में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात

एजेंसी ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश में सीहोर स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी में छात्रों का प्रदर्शन बेहद उग्र हो गया है। हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी स्टूडेंट्स तोड़फोड़ और आगजनी पर उतारू हो गए हैं। उन्होंने दर्जनों बस और कारें फूंक दी है। यूनिवर्सिटी परिसर में जमकर तोड़फोड़ की गई है। छात्रों का आरोप है कि कैंपस में उन्हें घटिया पानी और खराब भोजन दिया जा रहा है, जिसके कारण कई छात्र पीलिया का शिकार हुए हैं। मारपीट की घटना के बाद मंगलवार रात 4 हजार छात्रों ने



यूनिवर्सिटी कैंपस में बस और कारों में आग लगा दी। हालात बिगड़ने पर 5 थानों से पुलिस बल बुलाना पड़ा। हालांकि, यूनिवर्सिटी में छात्रों का उग्र प्रदर्शन बुधवार को भी जारी है। यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग में कुछ छात्रों ने सुबह फिर आग लगा दी। हालात बिगड़ते देख कैंपस में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है।

### पूर्व चीफ जस्टिस गवई ने इंटरव्यू में बेबाकी से रखी बात

# न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए

### न्यायिक सक्रियता से दहशत गलत, बुलडोजर और सियासी दबाव पर भी दिए जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेवानिवृत्ति न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने बुधवार को एक इंटरव्यू में कई अहम सवालों पर बेबाकी से बात की। उन्होंने कहा, न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए। अंततः हमारा संविधान विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के संतुलन और अलग-अलग कार्यक्षेत्र पर यकीन रखता है।

**संविधान में शक्ति संतुलित**

### न्यायिक सक्रियता से डर फैलना गलत



जस्टिस गवई ने इंटरव्यू में कई अहम सवालों पर बेबाकी से बात की। उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता न्यायिक आतंकवाद में नहीं बदलनी चाहिए। देश के नागरिकों को देश की न्यायिक प्रक्रिया और सक्रियता से डर नहीं फैलना चाहिए। यह गलत है।

**कभी भी एग्जीक्यूटिव या पॉलिटिकल नेताओं का**

सीजेआई गवई ने कहा कि उन पर कभी भी एग्जीक्यूटिव या पॉलिटिकल नेताओं का दबाव नहीं पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जजों की नियुक्ति का कॉलेजियम सिस्टम ट्रांसपेरेंट है, और यह आरोप कि यह ओपेक है, सही नहीं हैं।

### नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक न्याय मिले

न्यायिक एक्टिविज्म पर पूर्व चीफ जस्टिस ने ये भी साफ किया कि कई मौकों पर, नागरिक अपनी सामाजिक-आर्थिक बाधाओं के कारण, अपनी शिकायतों के निवारण और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाने की स्थिति में नहीं होते। ऐसी स्थिति में, अगर किसी व्यक्ति को न्यायपालिका अदालत का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देती है तो ये गलत नहीं है।

जूता फेंकने की घटना पर कहा

### संस्कारों का असर, कार्रवाई की जरूरत नहीं समझी

जस्टिस गवई नेजूता फेंकने की घटना पर कहा कि उस समय उन्होंने आरोपित वकील के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का फैसला अपनी परवरिश और मूल्यों के चलते लिया। गवई ने कहा कि शायद यह मेरे संस्कारों का असर है। जब कोर्ट में यह घटना हुई, तब मुझे यह भी नहीं पता था कि इसका संबंध मेरे कोर्ट में दिए गए किसी कथित बयान या टिप्पणी से बताया जा रहा है। लेकिन मुझे लगा कि मामले की सुनवाई आगे बढ़ाना चाहिए।

**रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ**
**पूर्व रेलवे**
ग्यारहवीं मंजिल, एन. के. जी. बिल्डिंग, 14, स्ट्रैण्ड रोड, कोलकाता-700001, वेबसाइट: www.rrcer.org

अधिसूचना सं.: आरआरसी/ईआर/कल्चरल कोटा/2025-26/(खुली विज्ञप्ति)

**रोजगार अधिसूचना : अब आवेदन ऑनलाइन में भी**

*रोजगार अधिसूचना सं. आरआरसी/ईआर/कल्चरल कोटा/2025-26/(खुली विज्ञप्ति) दिनांक 15.07.2025 के अनुसार, कथित भर्ती के लिए आवेदन पूर्व में केवल ऑफलाइन माध्यम से आमंत्रित किए गए थे। पूरे देश भर में पात्र उम्मीदवारों के विस्तृत सम्पर्क सुनिश्चित करने एवं प्रवेश का मार्ग सुगम करने के लिए, इसी भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन प्रारूप के माध्यम से भी आवेदन आमंत्रित करके एक और अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अनुमति के अलावा अधिसूचना सं. आरआरसी/ईआर/कल्चरल कोटा/2025-26/(खुली विज्ञप्ति) दिनांक 15.07.2025 के अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।*

***जिन उम्मीदवारों ने ऑफलाइन प्रारूप के माध्यम से पहले ही अपने आवेदन जमा कर चुके हैं तथा लिखित परीक्षा में उपस्थित होने की अनंतिम रूप से पात्र हैं, उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।***

ऊपर उल्लेखित अधिसूचना के क्रम में, पूर्व रेलवे के वर्ष 2025-26 के लिए सांस्कृतिक कोटा के तहत **ग्रुप सी श्रेणी/पे लेवल - 2 में दो (02) रिक्त पदों** को भरने के लिए नीचे उल्लेखित मानदंड के अनुसार पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **सांस्कृतिक योग्यता नहीं रखने वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।** विवरण नीचे उल्लेखित है:

**1.0 अनुसूची:**

| | |
|---|---|
| (i) | मूल अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख - **15/07/2025**<br>जारी ऑनलाइन अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख - **27/11/2025** |
| (ii) | ऑनलाइन आवेदन खुलने की तारीख एवं समय: **01/12/2025 को सुबह 10.00 बजे** |
| (iii) | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम करने की तारीख एवं समय: **15/12/2025 को शाम 06.00 बजे** |
| (iv) | लिखित परीक्षा जनवरी, 2026 के चौथे सप्ताह में संचालित होने की उम्मीद है |
| (v) | लिखित परीक्षा की तारीख एवं भर्ती प्रक्रिया के अन्य चरणों की जानकारी समय-समय पर आरआरसी-ईआर की आधिकारिक वेबसाइट (**www.rrcer.org**) पर प्रदान की जाएगी |

**2.0 भरे जाने वाले पदों का विवरण:**

| पद | वेतनमान | परिक्षेत्र | पद की सं. | आवश्यक योग्यता (न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं सांस्कृतिक योग्यता) |
|---|---|---|---|---|
| ग्रुप 'सी' (उपयुक्त पद में) | 7वें सीपीसी के पे मैट्रिक्स में लेवल-2 जीपी रु. 1900 | **1. शास्त्रीय गायन (महिला)** | 01 | **1.** सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षा परिषद से न्यूनतम कुल 50% अंकों के साथ बारहवीं अथवा उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण किया होना चाहिए। एससी/एसटी/ईएसएम एवं पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों तथा यूजीएस मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उच्चतर योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों के मामले में 50% अंक का मानदंड अनिवार्य नहीं है।<br>**अथवा**<br>मान्यताप्राप्त बोर्ड से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण साथ में 7वें सीपीसी के पे मैट्रिक्स के लेवल 2 में तकनीकी ग्रेड-III के लिए एनसीवीटी द्वारा अनुमोदित आईटीआई राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमाणपत्र (एनएसी)। (वैकल्पिक उच्चतर योग्यता के रूप में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा पर विचार नहीं किया जाएगा)। |
| | | **2. राष्ट्रीय स्तर पर मान्यताप्राप्त नृत्य के रूप कथाकली या मणिपुरी नृत्य (महिला/पुरुष)** | 01 | **2. सिर्फ सरकारी अनुमोदित विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित परिक्षेत्र में डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र अथवा अंक पत्र।** |

**शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक योग्यता, चिकित्सा मानक, परीक्षा शुल्कों, अन्य पात्रता तथा भर्ती की प्रक्रिया के लिए इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को ऊपर उल्लेखित भर्ती हेतु रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व रेलवे/कोलकाता की आधिकारिक वेबसाइट: www.rrcer.org पर उपलब्ध विस्तृत अधिसूचना देखने का निर्देश दिया जाता है।**

**ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए लिंक आरआरसी-ईआर की वेबसाइट: www.rrcer.org पर उपलब्ध है।**

**अध्यक्ष, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व रेलवे**

**पूर्व रेलवे**

# रोनाल्डो को मिली बड़ी राहत, दो मैचों का प्रतिबंध हटा, विश्व कप में दिखेंगे खेलते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा की ओर से बड़ी राहत मिली है। आयरलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में एल्बो मारने के चलते मिले रेड कार्ड के बाद माना जा रहा था कि वे आगामी वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मैच मिस कर सकते हैं।

हालांकि, फीफा ने उन्हें तीन मैच के प्रतिबंध की सजा सुनाई है, लेकिन उसमें से दो मैचों पर एक साल की प्रोबेशन लागू की गई है। यानी रोनाल्डो ने पहले ही एक मैच का अनिवार्य बैन काट लिया है और अब वे वर्ल्ड कप में खेलने के लिए पात्र हैं, लेकिन चेतावनी के साथ। डबलिन में खेले गए मुकाबले में रोनाल्डो ने आयरलैंड के डिफेंडर डारा ओ'शेया को कोहनी मारी थी। फीफा ने इसे हिंसक आचरण माना और सजा निर्धारित की।



### वीआईपी मीटिंग का प्रभाव?

फैसले से एक सप्ताह पहले रोनाल्डो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। इस डिनर में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैंटिनो भी मौजूद थे और उन्होंने रोनाल्डो के साथ फोटो भी ली थी। इस घटना और फैसले के समय ने बहस को और तेज कर दिया है। रोनाल्डो पिछले तीन साल से सऊदी क्लब के लिए खेल रहे हैं और 2034 का वर्ल्ड कप भी सऊदी अरब की मेजबानी में होगा, जिससे राजनीतिक संबंधों पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट : मैनचेस्टर सिटी और बार्सिलोना को करना पड़ा हार का सामना

एजेंसी ▶▶| लंदन

टीम में बदलाव, गलतियों और रक्षात्मक चूक के कारण मैनचेस्टर सिटी और बार्सिलोना को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में हार का सामना करना पड़ा।

मैनचेस्टर सिटी कोच के रूप में पेप गार्डियोला के चैंपियंस लीग में 100वें मैच में उनकी टीम बायर लेवरकुसेन से 2-0 से हार गई, जबकि बार्सिलोना को चेल्सी के खिलाफ 3-0 की हार में आत्मघाती गोल और रेड कार्ड का सामना करना पड़ा। गार्डियोला ने प्रीमियर लीग में न्यूकैसल से मिली हार के बाद अपनी शुरुआती लाइनअप में 10 बदलाव किए, जिसमें एर्लिंग हालैंड को बेंच पर रखा गया, लेकिन इसका विपरीत प्रभाव पड़ा। एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो ने 23वें मिनट में लेवरकुसेन की तरफ से पहला और पैट्रिक स्किच ने 54वें मिनट में दूसरा गोल किया।



### लीग में चेल्सी की तीसरी जीत

चेल्सी ने स्टैमफोर्ड ब्रिज में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे बार्सिलोना को 3-0 से आसानी से हराकर लीग चरण में अपनी तीसरी जीत हासिल की। यह बार्सिलोना की दूसरी हार थी, जिसमें डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को हाफटाइम से ठीक पहले दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया था, जिसके बाद बार्सिलोना को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। जूल्स कोंडे के 27वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल ने चेल्सी को बढ़त दिला दी। उसने 55वें मिनट में 18 वर्षीय एस्टेवाओ के किए बेहतरीन गोल से अपनी बढ़त मजबूत की और 73वें मिनट में लियाम डेलाप के गोल से जीत सुनिश्चित की।

## खबर संक्षेप



### बीसीसीआई को करना है मेरे भविष्य का फैसला : गंभीर

**गुवाहाटी।** आलोचनाओं से घिरे भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में मिली करारी हार के बाद उनके भविष्य पर फैसला भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को करना है लेकिन इसके साथ ही उन्होंने याद दिलाया कि उनके कार्यकाल में टीम ने कितनी सफलता हासिल की है। गंभीर ने कहा, 'मेरे भविष्य का फैसला बीसीसीआई को करना है। लेकिन मैं वही व्यक्ति हूं, जिसने इंग्लैंड में आपको अनुकूल परिणाम दिलाए और मैं चैंपियंस ट्रॉफी में भी कोच था।' उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत और इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर 2-2 से ड्रॉ रही श्रृंखला का जिक्र किया। गंभीर ने दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से मिली हार के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा, 'दोष सभी का है और इसकी शुरुआत मुझसे होती है। हमें बेहतर खेल दिखाना होगा।

### टी20 विश्व कप से पहले खतरे में असलांका की कप्तानी

**कोलंबो।** श्रीलंका के कप्तान चरित असलांका का पाकिस्तान का दौरा बीच में छोड़ना देश के क्रिकेट बोर्ड को नागवार गुजरा है, जिससे अगले साल के शुरू में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी कप्तानी खतरे में पड़ गई है। उनकी जगह दासुन शनाका को कप्तान नियुक्त किया गया है।



असलांका पाकिस्तान में द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला में टीम की कप्तानी कर रहे थे। वह दौरा बीच में रद्द करने के पक्ष में थे और उन्होंने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट के बाद कथित तौर पर अपने कुछ साथियों को टूर्नामेंट से हटने और स्वदेश लौटने के लिए प्रोत्साहित किया था। यह बात श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को रास नहीं आई और उसने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा ने चौथा स्वर्ण पदक जीता

**जयपुर।** ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा और आदित्य भारद्वाज ने बुधवार को यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों (केआईयूजी) में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी को शॉटगन के चारों पदक दिलाकर क्लीन स्वीप किया जबकि उनके साइक्लिस्ट एथलीट ने दोनों व्यक्तिगत रोड रेस खिताब जीते। मौजूदा एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ने 47 के फाइनल स्कोर के साथ लगातार चौथा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। मनीषा कीर (39) और नंदिका सिंह (30) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। तीनों ने मिलकर 344 के स्कोर के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता। नीरू ने पहली बार 2020 में खेलो इंडिया युवा खेलों में हिस्सा लिया था जिसमें उन्होंने रजत पदक जीता था। तब से यूनिवर्सिटी खेलों में उनका दबदबा रहा है। भारद्वाज ने अपने विश्वविद्यालय की पुरुष ट्रैप टीम का स्वर्ण पदक भी दिलाया।

## दक्षिण अफ्रीका ने 25 साल बाद फिर किया क्लीन स्वीप

# टीम इंडिया 40 साल बाद लगातार दो साल में हारी दो टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने कौशल और दृढ़ संकल्प की कमी वाले भारतीय बल्लेबाजों को फिर से दिन में तारे दिखाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में 408 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज करके दो मैच की श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया।

यह हार भारत के टेस्ट इतिहास में एक और शर्मनाक अध्याय है क्योंकि रन के लिहाज से यह उसकी सबसे बड़ी हार है। यह तीसरा अवसर है जबकि किसी टीम ने भारत का उसकी धरती पर सूपड़ा साफ किया। 40 साल बाद भारत की धरती पर ऐसा हुआ है जब लगातार 2 साल में टीम इंडिया 2 टेस्ट सीरीज हारी हैं। पिछली बार यह कारनामा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने किया था। चार दशक पहले भारतीय टीम को साल 1983 में वेस्टइंडीज के खिलाफ और फिर साल 1984-85 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार मिली थी।



### मार्क्रम ने 9 कैच लेकर बनाया रिकॉर्ड

हार्मर ने पिच मुझे मिल रहे उछाल और टर्न का पूरा फायदा उठाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 रन देकर छह विकेट तथा मैच में कुल नौ विकेट लिए। एडेन मार्क्रम ने 9 कैच लेकर एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक कैच का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने भारत के अजिंक्य रहाणे के 2015 में लिए गए आठ कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।



### मात्र 140 रन पर आउट हो गई टीम इंडिया

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने 2000 में 2-0 से जबकि पिछले साल न्यूजीलैंड ने 3-0 से श्रृंखला जीती थी। इस पराजय से भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है। भारत के सामने 549 रन का असंभव लक्ष्य था और उसकी पूरी टीम मैच के पांचवें और अंतिम दिन 140 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे जिसके जवाब में भारतीय टीम 201 रन पर आउट हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

### हार्मर ने किया भारतीय बल्लेबाजों को परेशान

भारत ने सुबह दो विकेट पर 27 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई, जिसके बाद हार्मर ने अपने टर्न और उछाल से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने पहले सत्र में नाइटवॉचमैन कुलदीप यादव (05), ध्रुव जुरेल (02) और कप्तान ऋषभ पंत (13) को पवेलियन की राह दिखाई। बारसापारा की पिच हाल के समय में उपलब्ध कराई गई सर्वश्रेष्ठ भारतीय पिचों में से एक थी, जिसमें उचित तकनीक और अभ्यास से बल्लेबाज रन बनाने में सक्षम थे। इस पिच पर अपनी लेंथ को जानने वाले तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और चालाक स्पिनरों ने दबदबा बनाया।

### स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 489 रन, भारत पहली पारी : 201 रन, दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी : 260/5 रन घोषित

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेन्ने बो यानसेन | 13 | 20 | 1 | 1 |
| राहुल बो हार्मर | 6 | 29 | 0 | 0 |
| सुदर्शन नाबाद | 14 | 139 | 1 | 0 |
| कुलदीप यादव बो हार्मर | 5 | 38 | 1 | 0 |
| जुरेल का माक्रम बो हार्मर | 2 | 3 | 0 | 0 |
| पंत का माक्रम बो हार्मर | 13 | 16 | 1 | 1 |
| जडेजा स्ट वेरेन्ने बो महाराज | 54 | 87 | 4 | 2 |
| सुंदर का माक्रम बो हार्मर | 16 | 44 | 2 | 0 |
| रेड्डी का वेरेन्ने बो हार्मर | 0 | 3 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |
| सिराज का यानसेन बो महाराज | 0 | 4 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16 रन, कुल : 63.5 ओवर में 140/10 रन
गेंदबाजी : यानसेन 15-7-23-1, मुल्डर 4-1-6-0, हार्मर 23-6-37-6, महाराज 12.5-1-37-2, माक्रम 2-0-2-0, मुथुसामी 7-1-21-1

## क्रिकेट

# भारत को बड़ा नुकसान, डब्ल्यूटीसी तालिका में पांचवें स्थान पर खिसका



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका से दोनों टेस्ट मैच में हार झेलने के बाद भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गया है, जिससे उसकी फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है। बुधवार को गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट में 408 रन से मिली हार, पारंपरिक पांच दिवसीय प्रारुप में रनों के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी हार है। इस साल के शुरू में इंग्लैंड में श्रृंखला बराबर करने वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद पाकिस्तान से नीचे पांचवें स्थान पर खिसक गई है और उसका पीसीटी (प्रतिशत) 48.15 पर आ गया है।

भारत ने मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में नौ टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से चार जीते, चार हारे और एक ड्रॉ रहा। भारतीय टीम अब अगले साल अगस्त में दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी और उसके बाद अक्टूबर-नवंबर में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ श्रृंखला खेलेगी।

### द.अफ्रीका ने की तालिका में अपनी स्थिति मजबूत

दक्षिण अफ्रीका ने तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का मौजूदा चैंपियन दक्षिण अफ्रीका चार टेस्ट मैचों में 36 अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे ऑस्ट्रेलिया के ठीक पीछे दूसरे स्थान पर है। उसका पीसीटी 66.67 से बढ़कर 75 हो गया है। न्यूजीलैंड ने अभी तक मौजूदा चक्र में एक भी श्रृंखला नहीं खेली है, जबकि श्रीलंका और पाकिस्तान ने एक-एक श्रृंखला खेली है। शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें 2027 में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## आईसीसी रैंकिंग

# रोहित फिर बने वनडे के नंबर-1 बल्लेबाज, मिचेल को छोड़ा पीछे

### अभिषेक की बादशाहत बरकरार



एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने 26 नवंबर को इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी की हैं। पिछले हफ्ते नंबर 1 की पोजीशन गंवाने वाले रोहित शर्मा की वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर फिर से वापसी हो गई है। जबकि टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा की बादशाहत बरकरार है और वह टॉप पर काबिज हैं। साथ ही टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में एक पाकिस्तानी खिलाड़ी को झटका लगा है। रोहित शर्मा पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड के डैरिल मिचेल से पिछड़ गए थे। लेकिन इस हफ्ते एक बार फिर से रोहित ने नंबर 1 पोजीशन पर वापसी की और मिचेल दूसरे स्थान पर खिसक गए।

रोहित के अलावा शुभमन गिल वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में चौथे और विराट कोहली 5वें स्थान पर हैं। अब रोहित और विराट एक साथ 30 नवंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में नजर आएंगे।

### नंबर 1 पायदान पर भारत के 5 खिलाड़ी

भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो अभिषेक और रोहित के अलावा टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती नंबर 1 पर काबिज हैं। उनके अलावा टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह और टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में रविंद्र जडेजा नंबर 1 पर काबिज हैं। जबकि टीम रैंकिंग में भारत वनडे व टी20 की नंबर 1 टीम बनी हुई है। वहीं टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है।

**जिम्बाब्वे के कप्तान ने पाकिस्तानी खिलाड़ी को पछाड़ा**

अगर टी20 के ऑलराउंडर्स की रैंकिंग पर नजर डालें तो पाकिस्तान के सईम अय्यूब अब नंबर 2 पर खिसक गए हैं। वहीं उनकी जगह जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने इस पोजीशन पर कब्जा कर लिया है। लेकिन टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने 8 स्थान की छलांग लगाकर नंबर 4 पर आते हुए टॉप 10 में एंट्री मारी है।

# उर्विल ने लगाया दूसरा सबसे तेज टी20 शतक

### 31 गेंद में ठोकी सेंचुरी

**हैदराबाद।** कप्तान उर्विल पटेल की 12 चौके और 10 छक्के जड़ित नाबाद 119 रन की पारी की बदौलत गुजरात ने ग्रुप सी के मैच में सेना को आठ विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टी20 कप्तान के तौर पर पदार्पण करने वाले पटेल ने सेना के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए शतक जड़ा। चेन्नई सुपर किंग्स के रिटेन किए 27 साल के इस खिलाड़ी ने महज 31 गेंद में शतक बना दिया, जो किसी भारतीय का बनाया दूसरा सबसे तेज टी20 शतक है। किसी भारतीय के बनाया सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड पटेल और अभिषेक शर्मा के नाम है, जिन्होंने 2024-25 चरण में क्रमशः त्रिपुरा और मेघालय के खिलाफ 28 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया था। पटेल ने 2023 में विजय हजारे ट्रॉफी में चंडीगढ़ के खिलाफ 41 गेंद में शतक बनाया था। विकेटकीपर बल्लेबाज ने आर्य देसाई (35 गेंद में 60 रन) के साथ मिलकर 174 रन की भागीदारी निभाई। इससे टीम ने 12.3 ओवर में 183 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।



## विश्व युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# भारतीय खिलाड़ियों का दमदार पदार्पण, जीता रजत और कांस्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने रोमानिया में आयोजित आईटीटीएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में दमदार पदार्पण करते हुए अंडर -19 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में क्रमशः एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया।

अंडर -19 लड़कों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई लेकिन उन्हें जापान से 0-3 से हार का सामना कर दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। अंकुर भट्टाचार्य ने रयूसेई कावाकामी को कड़ी चुनौती दी, लेकिन 17-15, 6-11, 12-10, 4-11, 11-13 से हार गए। जापान के कजाकी योशियामा ने अभिनंद को 11-7, 11-8, 11-6 से हराया। फिर तामितो वतानाबे ने प्रणुज भट्टाचार्य को 11-9, 11-7, 11-3 से मात देकर जापान को स्वर्ण पदक दिलाया।



### अंडर-15 बालिकाओं ने किया शानदार प्रदर्शन

अंडर-15 लड़कियों की टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक पहुंचकर कांस्य पदक हासिल किया। टीम ने क्वार्टरफाइनल में जर्मनी को 3-1 से हराया लेकिन दक्षिण कोरिया से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा। अंडर -19 लड़कियों की स्पर्धा में भारत को क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : रहाणे और सूर्यकुमार ने खेली तेजतर्रार पारी

# मुंबई की शानदार शुरुआत, रेलवे को 7 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

गत चैंपियन मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार शुरुआत करते हुए ग्रुप ए मुकाबले में रेलवे को सात विकेट से शिकस्त दी, जिसमें भारत के अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे और सूर्यकुमार यादव ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुंबई को 20 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोई मुश्किल नहीं हुई। रहाणे ने 33 गेंद में 62 रन बनाए, जिसमें चार चौके और पाच छक्के शामिल थे। उनकी धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम ने 25 गेंद रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने रहाणे के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। उन्होंने 30 गेंद में 47 रन की तेजतर्रार पारी खेली।

### रहाणे ने लगाए चार चौके और पांच छक्के



### रेलवे की खराब शुरुआत

पूर्व भारतीय खिलाड़ी कर्ण शर्मा की अगुआई वाली रेलवे की शुरुआत खराब रही, जिसने महज 19 रन पर दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। इसके बाद पूर्व भारत अंडर-19 खिलाड़ी मोहम्मद सैफ (48) ने युवा रवि सिंह (26) और अशुतोष शर्मा (61) के साथ मिलकर टीम की पारी को संभाला। सैफ के आउट होने के बाद रेलवे का स्कोर चार विकेट पर 113 रन था।

### मुंबई टीम पर नहीं दिखा दबाव

आशुतोष शर्मा ने सात चौके और तीन छक्कों की मदद से पारी को गति दी और स्कोर को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया।
मुंबई की पारी में शुरुआत से ही कोई भी दबाव नहीं दिखा। रहाणे और आयुष म्हात्रे (18) ने टीम को मजबूत शुरुआत कराई। रहाणे के आउट होने के बाद मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 113 रन था और टीम अच्छी स्थिति में थी। इसके बाद जीत की औपचारिकता बाकी थी और यह काम सूर्यकुमार ने आसानी से पूरा किया।

## भूटान नरेश ने की औपचारिक विदाई

# 17 दिनों की प्रदर्शनी के बाद बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत लौटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भूटान में 17 दिवसीय प्रदर्शनी के बाद भारत वापस आ गए हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामले एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पवित्र अवशेषों की वापसी यात्रा में उनके साथ थे। उन्होंने भूटान के नेतृत्व एवं जनता के प्रति उनकी असाधारण गर्मजोशी, भक्ति और औपचारिक सम्मान के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। मंगलवार को पालम हवाई अड्डे पर पहुंचने पर पवित्र अवशेषों को आईबीसी के महानिदेशक अभिजीत हलदर, भिक्षुओं, संस्कृति मंत्रालय और राष्ट्रीय संग्रहालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्राप्त किया। संस्कृति मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि भूटान में पवित्र बुद्ध अवशेषों की पवित्र प्रदर्शनी के बाद उन्हें भारत वापस लाकर मैं स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पवित्र अवशेषों के प्रति भूटान की गहरी श्रद्धा दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे सामंजस्य को अभिव्यक्त करती है

1. पवित्र अवशेषों को 8 से 25 नवंबर तक थिम्पू में रखा था
2. पवित्र बुद्ध अवशेष भारत और भूटान की मित्रता का प्रतीक
3. मंत्री रिजिजू ने मिले सम्मान पर आभार व्यक्त किया


भूटान के पीएम लेत्सोग लोपेन ने विशेष प्रार्थना में भाग लिया


विशेष हवाई जहाज से अवशेष लेकर भारत लौटे मंत्री किरेन रिजिजू

### अवशेषों को राजकीय जुलूस के रूप ले गए

*मंगलवार सुबह, भूटान के नरेश ने ग्रैंड कुएनरे में विशेष प्रार्थना में भाग लिया, जिसके बाद अवशेषों को राजकीय जुलूस के रूप में पारो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ले जाया गया, जहां से उन्हें सम्मानपूर्वक भारत वापस लाया गया। इस समारोह में भूटान के पीएम लेत्सोग लोपेन, गृह मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और भारत तथा भूटान के प्रतिष्ठित भिक्षुओं ने भाग लिया। भूटान नरेश ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से भी मुलाकात की, जो अवशेषों को स्वदेश लाने के लिए विशेष रूप से भूटान आए थे।*

### मंत्री रिजिजू ने बताया गौरवशाली क्षण

*केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि भूटान में पवित्र बुद्ध अवशेषों की पवित्र प्रदर्शनी के बाद उन्हें भारत वापस लाकर मैं स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पवित्र अवशेषों के प्रति भूटान की गहरी श्रद्धा दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे सामंजस्य को अभिव्यक्त करती है। औपचारिक विदाई के दौरान भूटान नरेश की व्यक्तिगत देखभाल और अनुग्रहपूर्ण उपस्थिति से मैं अत्यंत अभिभूत हूं। रिजिजू ने पवित्र अवशेषों के लिए की गई सावधानीपूर्वक व्यवस्था और 11 नवंबर 2025 को पीएम नरेंद्र मोदी की यादगार भूटान यात्रा के लिए भूटान के पीएम, भूटान के मंत्रिमंडल के सदस्यों, केंद्रीय मठ निकाय के लेत्सोग लोपेन, भिक्षुओं और भूटान की शाही सरकार को हार्दिक धन्यवाद दिया।*

### हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

*बता दें, वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के अंतर्गत, पवित्र बुद्ध पिपरहवा अवशेषों को 8 से 25 नवंबर 2025 तक थिम्पू के ताशिछोद्ज़ोंग के ग्रैंड कुएनरे हॉल में प्रतिष्ठित किया गया था, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन और प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दरअसल, बौद्ध जगत की सर्वाधिक पूजनीय वस्तुओं में से एक, पवित्र बुद्ध अवशेष, भारत की ओर से मित्रता के एक विशेष प्रतीक के रूप में भूटान लाए गए थे।*

## इजराइल के राजदूत अजार ने मुंबई आतंकी हमलों के मृतकों को श्रद्धांजलि दी

# आतंकवाद के खिलाफ भारत के समर्थन की दोहराई प्रतिबद्धता, कहा- 26/11 इंसानियत पर बड़ा 'हमला'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल ने आतंकवाद के सभी रूपों को हराने के लिए भारत के साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने बुधवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मृतकों को श्रद्धांजलि दी और इस आतंकी घटना को इंसानियत पर हमला बताया। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले में 160 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो मैसेज में, अजार ने कहा कि इस हमले में हर समुदाय, देश और हर धर्म के लोगों को टारगेट किया गया।


राजदूत रियुवेन अजार

उन्होंने कहा कि इजराइल आतंकवाद में मासूम लोगों की जान जाने का दर्द समझता है और हिम्मत और पक्के इरादे से इसका जवाब दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज, जब भारत 26/11 के भयानक मुंबई आतंकी हमलों की बरसी मना रहा है, मैं और इजराइल के लोग, भारत के लोगों के साथ खड़े हैं, ठीक वैसे ही जैसे हम उस काले दिन और उसके बाद हर साल खड़े थे। 26/11 सिर्फ मुंबई पर हमला नहीं था।

*भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने कहा कि 26/11 सिर्फ मुंबई पर हमला नहीं था, यह इंसानियत पर हमला था। इस हमले ने हर समुदाय, हर देश, हर धर्म, भारतीयों और इजराइलियों को एक ही तरह से टारगेट किया। बदकिस्मती से, इजराइल इस दर्द को जानता है।*

### भारत-इजराइल के मिले-जुले अनुभव ही साझेदारी की नींव


**फाइल फोटो :** 26 नवंबर 2008 के दिन मुंबई के ताज होटल पर हमला

### शहर की रक्षा करने वालों का सम्मान

अजार ने कहा कि भारत और इजराइल के मिले-जुले अनुभव ही 'गहरी और हमेशा रहने वाली साझेदारी' की नींव हैं। आज, हम 26/11 के पीड़ितों को याद करते हैं। हम उन बहादुर अधिकारियों, सुरक्षा बलों और फर्स्ट रेस्पॉन्डर्स का सम्मान करते हैं जिन्होंने बहुत बड़ी कुर्बानी देकर शहर की रक्षा की, और हम उन परिवारों के साथ खड़े हैं जिनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई।

### इजराइल हमेशा भारत के साथ खड़ा है

*इजराइली राजदूत अजार ने इस बात पर भी जोर दिया कि इजराइल आतंकवाद को उसके सभी रूपों में हराने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है और रहेगा। उन्होंने कहा कि जब हम 26/11 को याद करते हैं, तो हम अपने साझा मूल्यों, आजादी, लोकतंत्र और इस पक्के विश्वास को दोहराते हैं कि जिंदगी को हमेशा नफरत पर जीत मिलनी चाहिए। भारत अकेला नहीं है।*

### फ्रांस के राजदूत ने भी की 26/11 आतंकी हमले की निंदा

**फ्रांस के राजदूत ने भी दी श्रद्धांजलि**


भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ

भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथौ ने आतंकी हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी, साथ ही आतंकवाद को लेकर फ्रांस की निंदा को दोहराया और आतंकवाद से लड़ने में भारत को अपना समर्थन दिया। एक एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि मुंबई हमला 26/11: इन भयानक हमलों के 17 साल पूरे होने पर, फ्रांस पीड़ितों की याद में श्रद्धांजलि देता है। फ्रांस आतंकवाद की पूरी तरह से निंदा करता है, और इस बुराई से लड़ने में भारत के साथ खड़ा है।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

# लॉरेंस गैंग के 4 शूटर गिरफ्तार, 2 को गोली लगी, गोला-बारूद बरामद

एजेंसी ▶▶ मोहाली (पंजाब)

पंजाब के मोहाली में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। यह घटना बुधवार दोपहर डेराबस्सी-अंबाला हाईवे पर हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश यहां बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की तो शातिरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि लॉरेंस गैंग के शूटरों ने पुलिस पर गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। गोली लगने से दो बदमाश घायल हुए हैं। पुलिस ने इस कार्रवाई को दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हैं। वहीं घायल आरोपियों को डेराबस्सी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आरोपियों से पुलिस को भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है।


मुठभेड़ स्थल पर नूंह पुलिस

## सुमात्रा द्वीप पर बाढ़ से 17 की मौत, कई घायल

**मेदान।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई और भूस्खलन में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लापता हो गए। पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पिछले हफ्ते हुई मानसूनी बारिश की वजह से नदियों के बांध टूट गए। पहाड़ी गांवों में कीचड़ भर गया, चट्टानें और पेड़ गिर गए, जिससे भारी तबाही हुई। बचाव दल उत्तरी सुमात्रा प्रांत के छह क्षेत्रों में प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित सिबोल्गा शहर रहा।



# पाखंडी उपदेश देने के बजाए पाक अपनी हरकतों को सुधारे

**नई दिल्ली।** अयोध्या के राम मंदिर पर 25 नवंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने ध्वजारोहण किया था। इसके बाद पाकिस्तान को मिर्ची लगी और उसने कहा कि भारत में मुसलमानों को दबाया जा रहा है। अब भारत ने पाकिस्तान को दो टूक जवाब देते हुए कहा कि वह हमें पाखंडी उपदेश न दे और अपनी हरकतों को सुधार लें। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अयोध्या राम मंदिर में पीएम मोदी द्वारा ध्वजारोहण पर पाकिस्तान की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हमने कथित टिप्पणियों को देखा है और उन्हें पूरी तरह से खारिज करते हैं।


रणधीर जायसवाल

## अमेरिका के श्रद्धालु ने दिया 9 करोड़ का दान

**तिरुपति।** अमेरिका स्थित एक श्रद्धालु ने बुधवार को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को नौ करोड़ रुपये का दान दिया। मंदिर निकाय के अध्यक्ष बीआर नायडू ने बताया टीटीडी को एक और बड़ा दान प्राप्त हुआ। एम रामलिंगा राजू ने पीएसी-1, 2 और 3 भवनों के नवीनीकरण के लिए नौ करोड़ रुपए का दान दिया। उन्होंने बताया कि राजू ने इससे पहले वर्ष 2012 में 16 करोड़ रुपए का दान दिया था।



## जम्मू-कश्मीर में बढ़ा सर्दी का कहर


धुंध में डूबी श्रीनगर की डल झील

### तापमान माइनस 3.9 डिग्री पहुंचा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर शहर में बुधवार को इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई, जहां तापमान माइनस 3.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। आने वाले दिनों में सर्दी का प्रकोप और अधिक होगा। 10 दिसंबर तक गलन महसूस कराने वाली ठंड पड़ेगी, हालांकि उसके साथ ही मौसम सर्द और शुष्क रहेगा।

# द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने कृषि, ऊर्जा फार्मा सहित कई क्षेत्रों में करेंगे सहयोग

**नई दिल्ली।** भारत और स्लोवेनिया के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग पर संयुक्त समिति (जेसीटीईसी) के 10वें सत्र का आयोजन बुधवार को नई दिल्ली में किया गया। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव साकेत कुमार और स्लोवेनिया के विदेश एवं यूरोपीय मामलों के मंत्रालय में आर्थिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक कूटनीति के महानिदेशक पीटर जापेल्ज ने की। दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों की समीक्षा करने, प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने और भविष्य के व्यापार व निवेश को बढ़ाने के लिए आगे की रणनीति तय की। साथ ही कृषि, रसायन, फार्मा, स्वास्थ्य, परिवहन, ऊर्जा, पर्यटन, एमएसएमई, आयुर्वेद सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा हुई।


साकेत कुमार (बाएं) और पीटर जापेल्ज

## यूएन के सदस्यों देशों से अगले महासचिव के लिए नाम मांगे गए

### यूएन सुरक्षा परिषद एक उम्मीदवार के नाम की सिफारिश करेगी

# संयुक्त राष्ट्र के मुखिया को चुनने की प्रक्रिया शुरू, कई बड़े नाम हैं दावेदार

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का दूसरा पांच साल का कार्यकाल अगले साल समाप्त हो रहा है। जिसके बाद नए महासचिव को चुनने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से मंगलवार से शुरू हो गई है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में यूएन महासचिव का पद बेहद अहम होता है।

ऐसे में कई बड़े नाम इस पद की दौड़ में शामिल हैं। मंगलवार को 15 सदस्यों वाली संयुक्त सुरक्षा परिषद और 193 देशों की महासभा के अध्यक्ष ने एक संयुक्त पत्र जारी किया है। जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों देशों से अगले महासचिव के लिए नाम मांगे गए हैं।


यूएन सभा और उसका प्रतीक चिन्ह

यूएन महासचिव पद का उम्मीदवार संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश का होना चाहिए। आमतौर पर यह पद क्षेत्रवार बदलता रहता है। मतलब मौजूदा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस साल 2016 में चुने गए थे और वे पुर्तगाल यानी पूर्वी यूरोप के उम्मीदवार थे।

### कई राउंड की वोटिंग होगी

नए महासचिव की चुनाव प्रक्रिया कई महीनों तक चलेगी, जिसमें कई राउंड की वोटिंग होगी। इससे पहले यूएन सुरक्षा परिषद अगले साल के आखिर में 10वें यूएन महासचिव के चुनाव के लिए 193 सदस्यों वाली महासभा को आधिकारिक तौर पर एक उम्मीदवार के नाम की सिफारिश करेगी। सुरक्षा परिषद एक गुप्त मतदान करेगी, जिसे स्ट्रॉ पोल कहा जाता है। स्ट्रॉ पोल में हर उम्मीदवार के लिए काउंसिल मेंबर को ये विकल्प दिए जाते हैं: प्रेरित करना, हतोत्साहित करना या कोई राय नहीं।

### इनकी सर्वाधिक चर्चा

**मिशेल बैचलेट:** लैटिन अमेरिकी देश चिली की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचलेट का नाम प्रस्तावित किया जाएगा। बैचलेट चिली की पहली महिला राष्ट्रपति थीं और वे दक्षिण अमेरिकी देशों के अध्यक्ष पद पर भी रह चुकी हैं। बैचलेट साल 2018-2022 के बीच संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त और उससे पहले यूएन वुमन की कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। **रेबेका ग्रिनस्पान:** कोस्टा रिका की तरफ से पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पान के नाम को प्रस्तावित किया जा सकता है। राष्ट्रपति रोड्रिगो शावेज ने इसकी जानकारी दी। 69 वर्षीय ग्रिनस्पैन अभी संयुक्त राष्ट्र कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट के महासचिव पद पर सेवाएं दे रहे हैं। **राफेल ग्रोसी:** अर्जेंटीना की तरफ से राफेल ग्रोसी का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। वे पूर्व राजनयिक हैं और फिलहाल इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी के महानिदेशक पद पर हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25